डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹74600 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

सेंसेक्स 76,619.33 -423.49 | डॉलर 86.602 +0.032

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 18 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-95, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 बेंगलुरू में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास...

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की बिगड़ी तबीयत, टीएमएच में भर्ती

**जमशेदपुर।** बीजेपी नेता और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक से बिगड़ गयी है। वह टीएमएच (टाटा मेन हॉस्पिटल) में भर्ती हैं। जानकारी के मुताबिक उन्हें बीपी और लूज मोशन की शिकायत है। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। हालांकि चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी है। शाम में फिर से उनके स्वास्थ्य की जांच होगी जिसके बाद ही विस्तृत रिपोर्ट सामने आएगी।

## सहायक शिक्षक नियुक्ति : हाईकोर्ट से पारा शिक्षकों को बड़ा झटका

**क्वालिफाइंग मार्क्स में दी गई छूट खत्म**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कृष्ण कुमार हलदर की ओर से राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। पिछली सुनवाई को सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देना सही नहीं है। वहीं अदालत ने पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बुधवार को सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने और क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा, कुमार पवन और शिवम उत्कर्ष सहाय ने बहस **शेष पेज 11 पर**

### सुप्रीम कोर्ट ने कैदी को दूसरे जेल में ट्रांसफर करने की मंजूरी दी, कहा

## झारखंड सरकार नया जेल मैनुअल लागू करे

**रांची/नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए हजारीबाग स्थित जयप्रकाश नारायण सेंट्रल जेल में बंद गैंगवार के आरोपी विकास तिवारी को दुमका सेंट्रल जेल स्थानांतरित करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

यह आदेश झारखंड सरकार की अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने शुक्रवार को दिया। कोर्ट ने इसके साथ ही झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि वह 2016 के मॉडल जेल मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार नया जेल मैनुअल तैयार करे और जेल संबंधी प्रशासन में इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करे। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि स्थानांतरित किए जाने वाले कैदी के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो।

झारखंड सरकार ने अपनी याचिका में कहा था कि हजारीबाग स्थित जयप्रकाश नारायण सेंट्रल जेल में बंद विकास तिवारी के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में गैंगवार में शामिल रहा है और उसके इस जेल में रहने से गैंगवार और उसके जीवन पर खतरे की आशंका को देखते हुए आईजी प्रिजन ने उसे दुमका सेंट्रल जेल स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। आईजी प्रिजन के इस आदेश को विकास तिवारी ने झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उसकी याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 21 अगस्त, 2023 को अपने फैसले में जेल प्रशासन के इस आदेश को रद्द कर दिया था। झारखंड हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार के दावों के विपरीत हजारीबाग के जेल अधीक्षक ने अपने पत्रों में साढ़े सात वर्ष से बंद कैदी विकास तिवारी के आचरण को संतोषजनक बताया है। राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे शुक्रवार को मंजूरी दे दी गई।

## रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारी अभिषेक कुमार (29) की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। अभिषेक बिहार के गया जिले का रहने वाला था और 2019 से डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर तैनात था। जानकारी के अनुसार अभिषेक कुमार और उनके सहकर्मी देवनंदन सिंह रेलवे ट्रैक पर नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मंदार एक्सप्रेस की चपेट में आकर अभिषेक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद देवनंदन सिंह बाल-बाल बच गए। दोनों कर्मचारी भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैक मैंटेनर IV पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद कर्मचारियों ने बताया कि अगर अभिषेक के पास सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी डिवाइस) होता, तो ट्रेन के आने की जानकारी पहले मिल जाती और यह हादसा टल सकता था। घटना की सूचना पर आरपीएफ और शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम **शेष पेज 11 पर**

## अबुआ आवास के नाम पर पैसा लेने वाला पंचायत सचिव गिरफ्तार

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो निवासी चमेली देवी पति जानकी रविदास से पंचायत सचिव दीपक दास अबुआ आवास के नाम पर 11 हजार रिश्वत मांगने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आवेदिका चमेली देवी ने बताया कि आवास के लिए दो किश्त में अब तक 80 हजार रुपए मिला है और आवास का काम भी शुरू किया गया है। तीसरे किश्त के लिए पंचायत सेवक दीपक दास से मिली तो उनके द्वारा बोला गया कि इसके लिए आपको 11 हजार रूपया देना होगा। जबतक 11 हजार रूपया नहीं दीजिएगा तब तक आपके खाते में तीसरा किश्त नहीं जाएगा। इसकी जानकारी चमेली देवी ने भ्रष्टाचार ब्यूरो के कार्यालय में दी। भ्रष्टाचार ब्यूरो की टीम इसकी सत्यापन कर मामले को सही पाया और 11 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

# झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को मिला अर्जुन अवार्ड

**● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान दिया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया। इसी के तहत हॉकी में बेहतर प्रदर्शन करने और देश को कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने वाली सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड सम्मान सम्मानित किया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा की **शेष पेज 11 पर**



### सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रांची।** झारखंड की बेटी और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित होने पर बधाई व शुभकामनाएं। आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सलीमा टेटे को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आज पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को बधाई दी है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संसदीय समिति के सदस्यों ने की शिष्टाचार भेंट

## एससी व एसटी के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर करना होगा कार्य : सीएम

**एससी एवं एसटी के लिए चल रही योजनाएं समेत कई मुद्दों पर हुआ विचार- विमर्श**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), वीडी राम (लोकसभा सांसद), प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), रवांग्वरा नारजारी (राज्यसभा सांसद), फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार- विमर्श हुआ।



**एससी -एसटी के उत्थान और विकास के लिए मिलकर कार्य करना होगा**

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे मे विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी डी आर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी एन टूथांग, जॉइंट डायरेक्टर श्री टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर श्रीमती पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




## फॉल में नहा रहे तीन छात्रों की डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित तिरू फॉल में बड़ा हादसा हुआ है। फॉल में नहा रहे तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई है। बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि हादसे में तीनों छात्रों की मौत हो गई है। तीनों पिकनिक मनाने तिरू फॉल पहुंचे थे जहां यह हादसा हुआ। स्थानीय गोताखोरों ने तीनों के शव पानी से बाहर निकाल लिए हैं।

**छात्रों की उम्र 20 से 25 वर्ष :** स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नए साल के मौके पर बड़ी संख्या में पर्यटक तिरू फॉल आते हैं। शुक्रवार को भी काफी लोग फॉल आए थे। इसी बीच कुछ लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि कुछ छात्र पानी में डूब रहे हैं। मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोर भी मौके पर पहुंचे और पानी में डूबे तीनों छात्रों की तलाश शुरू कर दी। सूचना मिलने पर बुढ़मू पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों छात्रों को पानी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि तीनों छात्रों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है।

**एक ही घर के दो मृत :** मामले की जांच में **शेष पेज 11 पर**

## रांची से चलने वाली 10 ट्रेनें रद्द, वंदे भारत समेत इतनी ट्रेनें देर से चलेंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों से चलने वाली 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को बदले रास्ते से चलाने का फैसला किया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी निशांत कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि मेकन-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण के लिए रांची रेल मंडल की ओर से तीसरा ब्लॉक लेने की तैयारी की जा रही है। इसकी वजह से 10 यात्री ट्रेनों को 11 से 13 दिनों तक के लिए रद्द कर दिया गया है। 3 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

**इन ट्रेनों का रूट बदला गया :** उन्होंने बताया कि पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन (06055) को 18 जनवरी और 25 जनवरी 2025 को और मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस (13425) ट्रेन को 25 जनवरी 2025 को, जबकि रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस (07052) ट्रेन को 21 जनवरी 2025 और 28 जनवरी 2025 को परिवर्तित मार्ग से चलााय जाएगा। ये ट्रेनें राउरकेला, सिनी, चांडिल, मुरी, कोटशिला होकर चलेंगी।

**रांची-वाराणसी वंदे भारत समेत 3 ट्रेनें 31 जनवरी तक देर से जाएगी :** रांची-वाराणसी-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस (20887) ट्रेन को 20 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक अपने निर्धारित समय की जगह पर 30 मिनट विलंब से रवाना होगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि इससे पहले फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 2 बार ब्लॉक लिया जा चुका है। दूसरी बार लिये गये ब्लॉक की अवधि 19 जनवरी 2025 को समाप्त हो रही है।

### झारखंड में पारा गिरा, अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। आंशिक बादल भी छाए रहे। बीते 24 घंटे में 3 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने शुक्रवार को दी। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम केंद्र के अनुसार, 18 और 19 जनवरी तक राज्य के कुछ इलाकों में सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा।

**कांके का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिरा :** रांची से सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में करीब 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। बीएयू के कृषि मौसम विभाग के अनुसार, 16 जनवरी को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस था। यह 17 जनवरी को 5.4 डिग्री सेल्सियस हो गया।

**इंडिया**

## 25 साल के झारखंड में अभी भी ऑटो राज



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

25 साल के युवा झारखंड को अब तक जिम्मेदार बनकर भूगर्भ में मौजूद देश के लगभग 40 % बहूमूल्य भू संपदा और यहां के लगभग सवा तीन करोड़ मानव संसाधन के बलबूते एक आदर्श उपस्थित करना था पर राजनीति की प्रयोगशाला बनकर माननीय और अधिकारियों की बड़ी फौज के साथ सवालों के कटघरे में खड़ा है कि बिहार से अलग किन कारणों से हुआ था और क्या तब की स्थितियों में बदलाव हो गया ? बिहार के जमाने के जंगल राज में अवश्य सुधार हुआ पर बिहार सहित देश के अन्य भागों में भी बाहुबली और माफियायों की समाप्ति के दौर में यहां इसे बड़ी उपलब्धि नहीं कहा जा सकता क्योंकि बीच बीच में घटनाएं होती हैं हालांकि अपराधी पकड़े भी गए। पहली बार झारखंड आने वाले और दशकों बाद अपने राज्य को देखने वाले दोनों आश्चर्यचकित होते हैं सड़कों पर कब्जा कर दुकानें लगाना,बिना लाइसेंस या परमिट जब जहां इच्छा हो बाजार सजा देना,नो एंट्री में अनगिनत ऑटो रिक्शा,दबंग बस मालिकों की अवैध स्लीपर बसें,सड़क पर खड़े वाहन और सबसे बड़ी बात मनमाना किराया वसूलना, सबकुछ पहले भी होता था और कुछ कड़क पुलिस अधिकारियों की धमक को अपवाद मान लिया जाए तो अभी भी जारी है । पड़ोसी राज्य बंगाल और ओड़िशा में कभी भी जाएं तो सड़क और दुकान में स्पष्ट अंतर दिख जाएगा पर झारखंड की राजधानी रांची से लेकर सुदूरवर्ती कस्बों तक यही दृश्य पहले भी दिखते थे और आज भी दिखते हैं। कुछ अधिकारियों ने प्रयास किया भी पर माननीयों ने उनके कदम रोक दिए। माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा ।जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोडकर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है हेल्मेट रांची के अलावा अन्य शहरों में स्वेच्छिक है। हवाई अड्डे से लेकर सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग करते और यात्रियों पर झपट्टा मारते टैक्सी वालों या ऑटो वालों ने जो बोल दिया सो किराया हो गया ! जबकि किसी भी शहर की सभ्यता



संस्कृति की तरह नियंत्रित और सुरक्षित सार्वजनिक यातायात व्यवस्था उसकी पहचान होती है। रांची से अनेक समानताएं वाले नगर बैंगलुरु ने ऑटो के लिए अलग लेन बना रखा है और वहां के सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक का फोटो लगा पहचान पत्र अनिवार्य है ताकि यात्री समस्या होने पर शिकायत कर सकें। यहां शायद ही कोई ऑटो या टैक्सी चालक वर्दी पहनता है और किसी के पास किराया चार्ट नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से यह खतरनाक है और किसी आपराधिक या आतंकवादी घटना के बाद ऐसे लोगों को पकड़ना संभव नहीं जो बिना टोकन नंबर या लाइसेंस नंबर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं। उल्लेखनीय है कि अलकायदा के 9 संदिग्ध हाल में रांची के आसपास पकड़े गए हैं ।कमोबेस यही स्थिति सरकारी कार्यालयों की है जिनमें झारखंड बनने के पहले भी अनधिकृत बिचौलिए मंडराते रहते थे और आज भी उनमें और सरकारी कर्मचारियों में अंतर समझना आसान नहीं। इसी प्रकार कहने को अनेक सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं पर अधिकांश मामलों में इसकी औपचारिकता सिर्फ निबंधन तक ही है फिर प्रार्थी को कागज लेकर हर टेबल पर बाबुओं की खुशामद करनी पड़ती है, भू राजस्व जैसे जनता से जुड़े कार्यालयों में इसी कारण सेवा का अधिकार सिर्फ सुनने की बात रह गई है । यही हाल सूचना के अधिकार का है । आम जनता की जागरूकता पहले भी नगण्य थी और आज भी कमोबेस वही स्थिति है। बंगाल और ओड़िशा जैसे पड़ोसी राज्यों में सड़कों पर बिजली चोरी,भ्रष्टाचार और जनता से जुड़े हेल्पलाइन नंबर लिखे होते हैं जिससे आमजन में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। यहां पहले भी सरकारी खर्चे पर नेताओं की ब्रांडिंग होती थी और आज भी लगभग वही स्थिति है। शोध से पता चलता है कि अनेक सरकारी योजनाएं इसलिए सफल नहीं हो पातीं क्योंकि अनपढ़,गरीब और कम पढे लिखे लोग इसके बारे में जानते नहीं और बिचौलिए उन्हें परेशान कर दोहन करते हैं। वैसे इस पारंपरिक व्यवस्था में भी भ्रष्ट्र पकड़े भी जा रहे हैं और अनेक अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने विभागों में पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं। स्वयं युवा मुख्यमंत्री की पहल पर जनता से संवाद के कार्य हो रहे हैं पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ऑनलाइन चालान और सड़कों पर मशीन से जुमार्ना जैसे उपाय एक सुखद अनुभूति देते हैं कि सुधार के कदम उठाए जा रहे हैं पर यह भी सच है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है जिसके लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## जाते -जाते बाइडेन कर दिए एच-1बी वीजा प्रक्रिया आसान

**● सबसे ज्यादा लाभ होगा भारतीयों को**

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उसके पहले अमेरिका की बाइडेन सरकार ने शुक्रवार 17 जनवरी से अपने एच-1बी वीजा प्रोग्राम में बड़े बदलाव किए। एच-1बी वीजा ही दुनियाभर के कुशल पेशेवरों को अमेरिका में रहने और काम करने की सुविधा देता है। भारतीय पेशेवरों को इस एच-1बी वीजा से बहुत फायदा मिलता है और इसकी वजह से ही लाखों भारतीय अमेरिका में काम कर रहे हैं। यकीनन इन बदलावों का भारतीय पेशेवरों पर भी असर पड़ेगा। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा अमेरिका की आव्रजन नीति में यह आखिरी सुधार है क्योंकि 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे हैं। एच-1बी वीजा का संचालन यूनाइटेड स्टेट्स सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज द्वारा किया जाता है। साल 2023 में अमेरिका ने जितने भी ल्ह-1इ वीजा जारी किए थे, उनका लाभ पाने वाले 70 प्रतिशत पेशेवर भारतीय ही थे। माना जा रहा है कि नए बदलावों से भारतीयों को फायदा मिल सकता है। किसी संगठन द्वारा बड़ी संख्या में एच-1बी वीजा आवेदन न किए जाएं, इस पर रोक के लिए नियमों को बेहतर किया गया है ताकि सभी को मौके मिल सकें। जो छात्र अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और अमेरिका में काम करना चाहते हैं, उनके एफ-1 वीजा को एच-1बी वीजा में बदलने की प्रक्रिया को आसान किया गया है। नए नियमों के तहत विशेषज्ञ पेशे में बदलाव किए गए हैं। इनके तहत पात्र पदों को भरने के लिए स्नातक डिग्री की जरूरी **शेष पेज 11 पर**

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर एसडीओ ने की बैठक




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भूमि उप समाहर्ता सह एसडीओ गौरांग महतो ने की। जिसमें मुख्य रूप से एसडीपीओ एस मो. याकूब, सीओ पंकज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, हैदरनगर बीडीओ विश्वा प्रताप मालवीय, सीओ संतोष कुमार मौजूद थे। बैठक में पूर्व की तरह धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। विद्यालयों अपने स्तर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पूर्व की तरह सरकारी कार्यालयों व प्रमुख चौक-चौराहों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। कर्पूरी मैदान में अनुमंडलीय झंडोत्तोलन किया जाएगा। सभी महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर विशेष सफाई व रंग-रोगन की जिम्मेदारी नगर पंचायत द्वारा कराई जाएगी। मौके पर एमओ मनोज कुमार, बीईईओ रामनरेश राम, आलोक कुमार सिन्हा, मो.जुबैर अंसारी, अखिलेश विश्वकर्मा, प्रो. संजय कुमार सिंह, खुर्शीद अहमद, प्रो. राजेश सिंह, गिरवर राम, अमीत कुमार, प्रो.अशोक कुमार सिंह, सुमन कुमारी, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

# कोहरे और ठंड के आगोश में जनजीवन

## पंसा में वृद्ध की ब्रेन हेमरेज से मौत



**मकर संक्रांति के पहले शायद ही ऐसा मौसम दिखा**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पूरा वातावरण लगातार कई दिनों से कोहरे और ठंड के आगोश की जद में है। इससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। यह मौसम लोगों के लिए घातक साबित हो रहा है। थोड़ी सी असावधानी जान लेवा साबित हो रहा है। ठंढ के कारण पंसा निवासी अकलू राम (65) की मौत हो गई। बताया जाता है कि अभावग्रस्त अकलू राम गुरुवार की अहले सुबह ही जब घना कोहरा छाया था, तब कम कपड़ों में ही नदी की ओर टहलने निकले थे। वापस लौटे, तो उनकी हालत गंभीर होती चली गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें हैदरनगर के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डाक्टर ने जवाब दे दिया। बताया कि उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था। इसे जानने के बाद इसके इलाज के लिए उन्हें खरसोता ले जाया जा रहा था। इस दौरान उनकी मौत हो गई। पंसस और उपप्रमुख नगीना कुमार सिंह ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया।

### चिकित्सक ने दी सावधानी बरतने की सलाह

बुजुर्गों की मानें तो पहले मकर संक्रांति के बाद भी शायद ही ऐसा ठंड मौसम देखने को मिलता था, बल्कि मकर संक्रांति के दिन से सूर्य के उत्तरायण के साथ ठंड के मौसम का प्रभाव तेजी से कम होता चला जाता था। शुक्रवार को भी दोपहर तीन बजे के बाद सूर्य का प्रकाश तो दिखा, मगर ऐसा नहीं जिसमें ठंड में राहत की सांस ली जा सके। आसमान पर बादलों और धूंध का साया बना रहा। मौसम की ऐसी स्थिति को देखते हुए चिकित्सक बुजुर्गों, बीमार और बच्चों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। विशेषकर स्नान करते समय और लिबास को लेकर लापरवाही और असावधानी नहीं बरतने की हिदायत देते हैं।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आज,1,753 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**हुसैनाबाद।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय जपला द्वितीय में सत्र 2025-26 वर्ग छह में नामांकन प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी प्राचार्य अशहर रूमी ने दी। उन्होंने बताया कि शांति पूर्ण परीक्षा संचालन के लिये छह केंद्र बनाये गए हैं। जिसमें कुल 11 प्रखंडों के 1,753 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति पूर्ण परीक्षा संचालन की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

## एक नजर

### सरकार से कंबल की संख्या बढ़ाने की मांग

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत लोहड़ा पंचायत निवासी रमेश रजक ने कहा की कंबल वितरण हर गरीब व असहाय का अधिकार है, परन्तु घटती हुई कंबलों की सख्या चिंता की बात है। वार्ड पांच में गरीबों की संख्या प्राप्त कंबल की संख्या से बहुत अधिक है, जिस कारण सभी गरीब तबके के लोगों तक कंबल नहीं पहुंच पा रहा है। कड़ाके की ठंढ़ में गरम पोशाक और कंबल हर गरीब के हाथ तक पहुंचना अनिवार्य है। रमेश रजक ने कहा कि वंचित लाभुक जो भी रह गए हैं, उन्हें मुहैया कराने के लिए कंबल की संख्या में इजाफा करने की जरूरत है।

# ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत, उड़ीसा से कमा कर घर लौट रहा था



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन के समीप रांची सासाराम एक्सप्रेस (अप) ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान बिहार के डेहरी ऑन सोन शहर के जक्की बिगहा मुहल्ले निवासी अजीत भुइयां (22) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार रात 10.30 बजे की बतायी जा रही है। डालटनगंज जीआरपी थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अजीत उड़ीसा कमाने गया था। वहां से वह घर लौट रहा था। इस क्रम में वह सिगसिगी स्टेशन के समीप अचानक गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सिगसिगी स्टेशन मास्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि देर रात पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन ने स्टेशन में जाकर सूचना दिया कि एक व्यक्ति रेलवे क्रोसिंग के समीप ट्रेन से गिर गया है। स्टेशन मास्टर ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दिया। मृतक के जेब से मिले कागजात के आधार पर उसके परिजनों को भी सूचना दी गयी। शुक्रवार की सुबह होते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

# योजना की जानकारी ग्रामीणों को दें : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशीभूषण मेहता ने शुक्रवार को अपने विधायक प्रतिनिधि कार्यलय कक्ष का उद्घाटन किया। विधायक ने प्रतिनिधि अजय उरांव को चेयर पर बैठाकर माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशीभूषण मेहता ने सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की को प्रोटोकॉल का सिस्टम बताते हुए कहा कि प्रखंड के चार पंचायत का प्रतिनिधि अजय उरांव को बनाया गया है। यह क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा एसी, एसटी बहुल क्षेत्र है। इनको मान सम्मान गरिमा में कमी नही होनी चाहिए, जो भी समस्या आए उसे जल्द से जल्द निदान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में विधायक प्रतिनिधि का कार्यालय खुलने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। दूर दराज से आने वाले फरियादों का काम तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने हमें दोबारा



चुना है। जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे, जिससे लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वासनीयता बनी रहे। सरकार की कल्याणकारी योजना पूरी तरह से धरातल पर उतरे यह उनका प्रयास है। हर योजना की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए हर तरह का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास के साथ आम जनता की हर सुख दुःख में हम साथ रहेंगे। मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की,जिप सदस्या सुधा कुमारी, निजी सहायक बच्चन ठाकुर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मेदिनीनगर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव,उप मुखिया मुधीर साव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अशोक पासवान, मुकेश यादव, राजेंद्र सिंह चेरों, मिडिया प्रभारी महेश यादव , ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रीति गुप्ता, संतोष प्रसाद, चंचल यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विधायक का अभार व्यक्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### समाजसेवी की मनायी गयी पांचवीं पुण्यतिथि



**विश्रामपुर।** आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रेहला संजीव चौबे के आवासीय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विश्रामपुर विस क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे दिवंगत आत्मानंद चौबे की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गयी। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने स्व आत्मानंद चौबे की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। स्व. चौबे के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रंजीत चौबे उर्फ मुनमुन चौबे व संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। श्रद्धांजलि सभा के बाद परिजनों ने आत्मानंद चौबे के स्मृति में अभाव ग्रस्त लोगों के बीच पांच सौ कंबल वितरीत किया गया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण बतौर अतिथि रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी,बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह,बिश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टुडू,नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत,रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार,वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे,डॉ डी पी शुक्ला,कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,समाजसेवी रंजित सिंह व कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाली रीतिका पांडेय व अंजली कुमारी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया गया। वहीं मेघा छात्रवृति के तहत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति भी दी गयी। गौरतलब है कि केताल स्तरोन्नत हाई स्कूल व घोरडीहा स्कूल के टॉपर छात्रों को आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। मौके पर सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे,प्राचार्य मनोज द्विवेदी,रजनीकांत पाठक,निरंजन पाठक,अशोक चौबे उर्फ मुन्ना चौबे,सुनील पांडेय,किशोर कुमार,सचिन चौबे,अशोक चौबे,राघवेंद्र चौबे,सतेंद्र नाथ चौबे,मोहन विश्वकर्मा,उमाकांत चौबे,मुखिया अंजू कुमारी,प्रेम राम,अखिलेश चौबे,धर्मेंद्र चौबे डबलू,गोल्डन चौबे,बीरेंद्र चौबे छोका,सुशील पांडेय,डबल सिंह,आलोक चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

### उद्यमोत्सव 2025: जीईसी पलामू का रिलीफ स्टार्टअप ने उपलब्धि हासिल की




**नीलांबर पीतांबरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू के रिलीफ स्टार्टअप टीम ने उद्यमोत्सव-2025 में भाग लेकर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आयोजित किया गया था। टीम ने अपने अभिनव विचार को निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया, ताकि अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए बीज अनुदान (सीड ग्रांट) प्राप्त किया जा सके। रिलीफ स्टार्टअप, जिसका उद्देश्य पुनः उपयोग किए जाने वाले सैनिटरी पैड बनाना है, का नेतृत्व कृति कुमारी कर रही हैं। उनकी टीम में विवेक, संजीव, अमित और शुभम शामिल हैं। देशभर से आए 10 हजार से अधिक आवेदनों में रिलीफ को शीर्ष 400 स्टार्टअप में चुना गया। यह आयोजन देशभर के 13 केंद्रों पर आयोजित किया गया था। रिलीफ टीम ने अपना विचार छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में प्रस्तुत किया।

# कुंभ को लेकर बोगियों की संख्या घटने से बढ़ी यात्रियों की परेशानी




नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रयागराज में कुंभ मेले को लेकर इस रेलखंड में भी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। मगर पहले से इस रेलखंड पर चलने वाली एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बोगियों की निर्धारित संख्या घटा देने से भीड़ ज्यादा होने के कारण यात्रियों को जोखिम और परेशानी उठाने की नौबत झेलनी पड़ती है। भीड़ की वजह से यात्रियों को ट्रेन पर सवार होना मुश्किल हो जाता है। अगर सवार हो भी गए तो ठंड के मौसम में भी पायदान पर खड़े होकर सफर करने को विवश होना पड़ता है। ऐसे में आय दिन ट्रेन से गिरकर मौत की घटनाएं हो रही हैं। वाराणसी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस ट्रेन में भीड़ के कारण गुरुवार की रात काफी संख्या में यात्रियों को सफर स्थगित करनी पड़ी थी। बताया जाता है कि इस रेलखंड पर चलने वाली एक्सप्रेस अथवा पैसेंजर ट्रेनों की बोगियों की संख्या कम कर कुंभ मेले को लेकर चलने वाली स्पेशल ट्रेनों में लगा दिया गया है और स्पेशल ट्रेन बनाकर चलाया जा रहा है। ऐसे में 23 फरवरी तक लगने वाले कुंभ मेले को लेकर काफी लंबे समय तक यात्रियों को आवागमन में जोखिम उठाने की नौबत झेलनी पड़ेगी।

### 24 घंटे लगातार परिक्रमा कर महिला ने आस्था का परिचय दिया

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के फातमाचक ग्राम निवासी जुली कुमारी ने मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुमंडलीय मैदान हुसैनाबाद स्थित यज्ञशाला का 24 घंटा का परिक्रमा लगातार कर आस्था का परिचय दिया है। यज्ञ समिति के संरक्षक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह एक अद्भुत और प्रेरक घटना है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में पूरी रात दिन लगातार परिक्रमा कर महिला ने आस्था की मिसाल पेश की है। परिक्रमा कर रही जूली कुमारी ने कहा कि वह यज्ञ में आई थीं, उनकी इच्छा हुई कि वह लगातार 24 घंटा की परिक्रमा करें। दिल से किया गया कार्य ईश्वर पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस परिक्रमा के लिए घर परिवार का भी सहयोग मिला है।

# भोजपुरी स्टार गायक पवन सिंह की पत्नी बराही धाम में माथा टेकी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भोजपुरी फिल्म के स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह शुक्रवार को चर्चित बराही धाम माथा टेकने पहुंची। वहां उन्होंने सबसे पहले माता रानी का आशीर्वाद लेकर पूजा-अर्चना की। साथ ही धाम परिसर में स्थित 105 फिट ऊंचा दक्षिणमुखी हनुमानजी का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। ज्योति सिंह को देखने के लिए धाम परिसर में काफी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्योति सिंह के बराही धाम पहुंचने पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम परिवार के लोगों ने फूल माला पहना कर चुनरी भेंट की। ज्योति सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बराही धाम आने के लिए बराबर सोचती थी, लेकिन आज के दिन मां की आशीर्वाद से पूरी हो गई। यहां आने के बाद मुझे एक अलग शक्ति का एहसास हुआ। मुझे जानकारी मिली की इस धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व की सबसे ऊंची 351 फिट की मां दुर्गा का भव्य मंदिर बनने जा रहा है, जिसका भूमि पूजन आगामी 14 अप्रैल को होने जा रहा है। मेरा प्रयास होगा की इस महान धार्मिक अनुष्ठान में व जरूर शामिल हो। उन्होंने बराही धाम समिति को 51हजार रुपए का सहयोग राशि भी दी। मौके पर पलामू जिप उपाध्याय आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हुसैनाबाद का बराही धाम आज झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी अपनी पहचान बना रहा है। इस मौके पर संरक्षक रणधीर सिंह, राजन सिंह, बिनोद सिंह, जूही सिंह, प्रियंका कुमारी, अम्बुज सिंह, गौतम सिंह, अरुण सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, विजय सिंह, नीरज सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भाजपा लगातार संविधान पर हमला कर रही है: कांग्रेस

**उंटारी रोड।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 13वें दिन जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कार्यक्रम उंटारी रोड प्रखंड में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। कार्यक्रम में विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में देश के हालात के लिए भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेवार हैं। भाजपा देश को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहती है, वह दिशा संविधान से हटकर है। भाजपा द्वारा लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। गृह मंत्री ने संविधान निमार्ता डॉ, भीमराव आंबेडकर का अपमान भरी संसद में किया है। पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि महापुरुषों का अपमान हिंदुस्तान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## प्रतियोगिता

### भाषण व निबंधन में रिंकी प्रथम रही

# देश का भविष्य युवा शक्ति के ऊपर निर्भर है : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज जपला के द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर महाविद्यालय में भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. रामसुभग सिंह, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार सिंह, एसीएस डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। भाषण प्रतियोगिता में सुमित्रा कुमारी, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी ,मुसर्रत परवीण, प्राजक्ता कुमारी, शिखा सिंह, बीरबल कुमार, गुलाम




सरवर, राखी मेहता सहित अनेक छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी के लिए 7 मिनट का समय रखा गया था। उक्त समय सीमा के अंदर स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर अपना अपना विचार सभी प्रतिभागियों ने दिया। निर्णायक मंडली में प्रो. डॉ. रामसुभग सिंह , प्रो. डॉ.शिवकुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से संभाषण के लिए रिंकी कुमारी को प्रथम स्थान, राखी मेहता को द्वितीय स्थान तथा बीरबल कुमार को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। इस प्रकार निबंध प्रतियोगिता के लिए निर्धारित एक घंटे का समय दिया गया। जिसमें प्रतिभागी के रूप में दिव्या कुमारी, सोनी कुमारी, पुष्पा कुमारी ,रौनक कुमार ,काजल कुमारी, रिंकी कुमारी, गुलाम सरवर, कुंदन कुमार, प्राजक्ता कुमारी, मुसर्रत परवीन, राखी मेहता, राधा रानी, सुमित्रा कुमारी, बीरबल कुमार ,श्वेता कुमारी, शिखा सिंह, रोशनी कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। मूल्यांकन के पश्चात प्रथम स्थान पर रिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान पर प्राजक्ता कुमारी तथा तृतीय स्थान पर राखी मेहता को चयनित किया गया। छात्र-छात्राओं के संबोधन के पश्चात हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आलोक रंजन, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार सिंह ,शैक्षणिक प्रभारी प्रो. डॉ. रामसुभग सिंह ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए । प्राचार्य ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के ऊपर निर्भर है। युवा शक्ति सबल और सशक्त होगा तभी स्वामी विवेकानंद के बताए संदेश को आत्मसात कर युवा देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक की लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। यह सबके व्यावहारिक जीवन में लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह सहित कई शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया।

# रेलवे फुट ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति धीमी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना के तहत मॉडर्न स्टेशन और प्लेटफॉर्म निर्माण का काम पूरा करने के बाद थर्ड लाइन के विस्तारीकरण का काम भी अंतिम चरण में है, जबकि पुराने के बदले नये फुट ओवर ब्रिज निर्माण की प्रगति काफी धीमी है। ऐसे में खासकर मालगाड़ी के खड़ी करने की स्थिति में स्टेशन की ओर से दुसरे लाइन पर यात्रियों को ट्रेनों को पकड़ने के लिए आने के दौरान विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में एक तरफ माडर्न स्टेशन और वृहदाकार प्लेटफॉर्म से बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई है, वहीं फुट ओवरब्रिज के निर्माण की धीमी प्रगति यात्रियों के लिए परेशानी और जोखिम उठाने का कारण बनी बताई जाती है। ऐसे में फुट ओवरब्रिज की बेहतर सुविधा देने को लेकर बरती जा रही लापरवाही के प्रति यात्रियों ने नाराजगी जताई है। उनकी शिकायत है कि केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन के निरीक्षण के बाद भी यात्री सुविधाओं को ससमय पूरा करने को गंभीरता से नहीं लिया गया है। बल्कि कार्य को तेज गति से पूरा करने को लेकर संबंधित एजेंसी के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। साइट पर ऐसा कोई जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद नहीं रहता है,जो बता सके कि काम कब पूरा किया जाएगा। इसकी समय सीमा कब तक है।

### हरि ओम इलेक्ट्रिक दुकान का उद्घाटन



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना के निकट गणेश मार्केट में हरि ओम इलेक्ट्रिकल दुकान का उद्घाटन थाना प्रभारी राजकुमार गुप्ता, हतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा कि किसी भी धंधा या व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी जरूरी है। ग्राहकों की संतुष्टि ही व्यवसाय का आधार है। थाना प्रभारी ने कहा कि दुकान संचालक इस बात का ध्यान रखें कि ग्राहकों को किस तरह से बेहतर सेवा दें। दुकान संचालक अजीत कुमार तिवारी ने बताया कि हमारे यहां मोटर, समर्सिबल, मोटरपंखा, कूलर, ड्रिल मशीन, मिक्सी मशीन, सभी तरह के इलेक्ट्रिक सामान का रिपेयर किया जाता है। मौके पर दिनेश तिवारी, कृष्णा तिवारी, उदय तिवारी, सुमन्त गिरी, लव तिवारी, अजीत तिवारी, प्रमोद तिवारी, दिपक यादव व अन्य लोग मौजूद थे।

## सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण

**मेदनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल जन वितरण प्रणाली की दुकान अबिता देवी के यहां शुक्रवार को निगरानी समिति के सदस्यों की देखरेख में सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पोलपोल कला पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी, वार्ड सदस्य मनोरमा देवी, आंगनवाड़ी सेविका बबीता देवी और जन वितरण प्रणाली की दुकानदार अबिता देवी ने दर्जनों कार्डधारकों के बीच इन वस्त्रों का वितरण किया। मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा गरीब और जरूरतमंदों को साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण एक नेक पहल है। उन्होंने यह भी बताया कि पहले जन वितरण प्रणाली के तहत चावल, गेहूं, दाल और नमक जैसे दैनिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाते थे, लेकिन अब सोना सोबरन योजना के तहत इन वस्त्रों का भी वितरण किया जा रहा है। यह सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्य है और सभी का प्रयास है कि कोई भी गरीब सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 16वां स्थापना दिवस : अव्यवस्थाओं के बीच सम्पन्न हुआ समारोह

# विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़े : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने 16वें स्थापना दिवस का आयोजन किया, जिसमें झंडातोलन और विश्वविद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद कुलपति, कुलसचिव और अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन संजय बारा और भावना सिंह ने किया।



कुलसचिव डॉ. शैलेश मिश्रा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि 9 मॉडल डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हैं, जिनमें से कुछ कार्यरत हैं और अन्य जल्द शुरू होंगे। उन्होंने एमबीबीएस जैसी महत्वपूर्ण वोकेशनल कोर्स की पहली बैच पूरी होने और 2022 में हुए दीक्षांत समारोह की सराहना की।

समारोह के दौरान कई अव्यवस्थाएं सामने आईं। झंडातोलन स्थल और परिसर में साफ-सफाई की कमी थी। साउंड सिस्टम खराब होने के कारण कुलपति ठीक से भाषण नहीं दे पाए। प्रमंडलीय आयुक्त सह कुलपति बालकिशुन मुंडा ने सहज अंदाज में कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर आगे बढ़े नई बुलंदियों को प्राप्त करें यही उनकी कामना है।

**छात्रों और संगठनों की प्रतिक्रिया:** अभिषेक कुमार (छात्र) ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय प्रशासन की नाकामी का उदाहरण है। इतनी कुव्यवस्थाओं के बीच यह समारोह शहीदों का अपमान है।

आशीष ठाकुर (छात्र नेता) ने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्र में विश्वविद्यालय होना उपलब्धि है, लेकिन इस तरह के आयोजन प्रशासन की विफलता को दशार्ते हैं।

एनएसयूआई के अमरनाथ तिवारी ने कहा कि सपनों का यूं कुचला जाना दुःखद है।

वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के विकास यादव ने कहा कि साफ-सफाई की कमी और खानापूर्ति से यह आयोजन निराशाजनक रहा।

छात्रों ने रंगोली, क्राफ्ट और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया।

**रंगोली :** सुनीता, ज्योति, स्वाति त्रिपाठी, मधुबाला।

विज्ञान प्रदर्शनीः ऋषभ शुक्ला, तनु सिंह, नवनीत सिंह।

**क्राफ्ट :** सचिन साह, अमरेश सिंह, विक्की लकड़ा।

बहरहाल, विश्वविद्यालय परिसर की गंदगी और आयोजन की अव्यवस्था ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। छात्र संगठनों ने इसे शर्मनाक करार दिया और सुधार की मांग की।

# पदक जीतकर लौटे अंकित को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-14 एथलेटिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद पलामू के एथलीट अंकित का उनके जिले में भव्य स्वागत हुआ। यह चैंपियनशिप 11 से 14 जनवरी तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में आयोजित की गई थी। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन और जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) सेवाराम साहू ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अंकित को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। अंकित ने चार गुना 100 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम देशभर में रोशन किया।

इस अवसर पर एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक मोनू कुमार, खेल समन्वयक निधि उपाध्याय, और सिकंदर कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमएमसीएच में हेल्थ इन्फोर्मेशन कियोस्क मशीन और पीआईसीयू वार्ड का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को एमएमसीएच अस्पताल में नगर आयुक्त जावेद हुसैन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने हेल्थ इन्फोर्मेशन कियोस्क मशीन तथा पीआईसीयू वार्ड का उद्घाटन किया। पीआईसीयू वार्ड की शुरूआत से नवजात बच्चों का उचित इलाज अस्पताल में संभव हो पाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि यह पहल पलामू जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शिशुओं के इलाज में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन स्वस्थ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

हेल्थ इन्फोर्मेशन कियोस्क मशीन से अब मरीजों को एमएमसीएच अस्पताल की सभी महत्वपूर्ण जानकारी एक ही जगह पर मिल सकेगी। अस्पताल के नई और पुरानी बिल्डिंग में दो-दो हेल्थ इन्फोर्मेशन कियोस्क मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों के जरिए मरीजों, उनके परिजनों और आम लोगों को अस्पताल के संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाओं की स्थिति, जांच की जानकारी और अन्य सुविधाओं के बारे में 24 घंटे जानकारी मिलेगी। इसके अलावा, अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके इलाज और छुट्टी की जानकारी भी आसानी से प्राप्त हो सकेगी।

उद्घाटन समारोह में अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. विनीता रंजन खालको, डॉ. गौरव विशाल, डॉ. आरके रंजन, शबाना खातून, सुमित श्रीवास्तव, शतरंजन गिरी और डॉ. रवि कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# महिला सफाईकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, एमएमसीएच में विरोध प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच में निर्धारित कार्य अवधि के बाद महिला सफाईकर्मियों को काम करने के लिए मजबूर करने और उनके साथ धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में गुरुवार रात 9:30 बजे सफाईकर्मियों ने धरना दिया।

**क्या है मामला? :** आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी द्वारा एमएमसीएच में सफाईकर्मियों को दो शिफ्टों में काम पर रखा गया है। गुरुवार रात, 8 बजे काम खत्म करने के बाद जब महिला सफाईकर्मी घर जाने लगीं, तो उन्हें गेट पर रोककर अतिरिक्त समय तक काम करने के लिए मजबूर किया गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। मामले की जानकारी पर सामाजिक कार्यकर्ता दिव्या भगत मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ भी दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की का आरोप लगाया गया। विरोध में 2 घंटे तक एमएमसीएच में धरना प्रदर्शन किया।

**सामाजिक कार्यकर्ता :** दिव्या भगत ने बताया कि बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर अर्जुन सिंह और देव तिवारी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए महिला सफाईकर्मियों को कार्य अवधि के बाद भी काम करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने इसे कंपनी की मनमानी करार दिया।

बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर अरुण कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि सफाईकर्मियों ने 2 घंटे देर से काम शुरू किया था, इसलिए उन्हें 10 बजे तक काम करने के लिए कहा गया। बाद में इसे 9 बजे तक सीमित कर दिया गया। उनके अनुसार, धक्का-मुक्की का कोई मामला नहीं है।

### शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने पर कार्यशाला आयोजित

# तंबाकू नियंत्रण के लिए जागरूकता पर बल, दिए सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने और तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार ने सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के सहयोग से राजकीय गिरिवर +2 उच्च विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए तंबाकू नियंत्रण के महत्व और इसके दुष्परिणामों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन की आदत युवा पीढ़ी के लिए गंभीर खतरा है।

सीड्स के कार्यक्रम समन्वयक रिम्पल झा ने ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) के आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5% छात्र तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं, जबकि झारखंड में यह आंकड़ा 5.1% है। तंबाकू सेवन से हर साल भारत में लगभग 13 लाख लोगों की मौत होती है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य व्यापक है, इसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। इसके माध्यम से सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यशाला में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालयों के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पांडेय उपस्थित थे। अंत में सभी प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की वार्षिक बैठक व सेमिनार 19 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के सदस्यों की बैठक जेलहाता के सुमन मेडीकेसी में आयोजित की गई। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं रमेश शुक्ला ने फेडरेशन के होने वाले आम वार्षिक बैठक की सांगठनिक एवं वर्तमान समय में दवा व्यवसायियों की स्थिति एवं केमिस्ट सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस दौरान जानकारी दी गई कि पलामू क्लब में संगठन की वार्षिक आम बैठक सह सेमिनार का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा किया जाएगा। जिसमें पलामू जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ो केमिस्ट शिरकत करेंगे।

इस सेमिनार में मुख्य रूप से ऑनलाइन फामेर्सी के विरुद्ध अभियान तेज करने, लाइसेंसी कारण एवं नवीनीकरण प्रक्रिया को सुगम एवं आसान बनाना, पंजीकृत फार्मासिस्टों को एक जिले में दो जगह कार्य करने की अनुमति प्रदान करने की मांग, दवा व्यवसायियों को भय मुक्त एवं उन्मुक्त वातावरण प्रदान करना एवं दवा के दाम कम कर दवा के मूल निर्धारण को सरकार द्वारा अपने हाथ में लेने संबंधित चर्चा की जाएगी। इस दौरान जिले के केमिस्ट सदस्यों से रविवार को होने वाली वार्षिक आम बैठक तथा सेमिनार में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की गई।


इस बैठक में मुख्य रूप से अमिताभ मिश्रा,अशोक अग्रवाल रमाकांत पांडेय,गौरीशंकर मिश्रा अरविंद अग्रवाल हनी सिंह पुरुषोत्तम अग्रवाल प्रिंस सांवरे सतीश तिवारी जितेंद्र कुमार के साथ अन्य व्यवसायी मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने कोल ब्लॉकों से जुड़ी समस्याओं पर बैठक की, युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश

# कोल ब्लॉक संचालन में आ रही समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिले के सभी पांच कोल ब्लॉक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कोल ब्लॉक के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और प्रतिनिधियों को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया।



बैठक के दौरान त्रिमूला माइंस की योजना की समीक्षा की गई, जिसमें उपायुक्त ने संबंधितों को जल्द से जल्द लैंड शेड्यूल जमा करने की बात कही। फेयर माइंस के प्रतिनिधियों से गैर मजरुआ जमीन की लीज बंदोबस्ती की राशि को कोषागार कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा अरण्या कोल ब्लॉक के खतीयान अपलोड कार्य में तेजी लाने के लिए तीन कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया।

उपायुक्त ने कोल ब्लॉकों के संचालन से जुड़ी अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर, पाटन और पड़वा सीओ के साथ-साथ पांचों कोल ब्लॉक के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

# गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में दूसरी बार वाई-फाई तार की चोरी

**- बिना गार्ड के महाविद्यालय परिसर में चोरी की घटनाओं में वृद्धि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय से दूसरी बार वाई-फाई का तार चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शहर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। रिलायंस जिओ के आईबीएस सुपरवाइजर मनीष कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के परिसर में वाई-फाई की सेवा प्रदान की जाती है, और मंगलवार रात करीब 10 बजे से यह सेवा बंद हो गई थी। जांच करने पर पता चला कि हिंदी विभाग और ज्योग्राफी विभाग के बीच 30 मीटर लंबी विद्युत केबल चोरी हो गई थी, जो एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। मनीष कुमार ने यह भी बताया कि इससे पहले 80 मीटर लंबी विद्युत केबल भी चोरी हो चुकी थी, जिसके बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य को सूचित किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य आई जे खलखो ने कहा कि वर्तमान में रात के समय महाविद्यालय में कोई गार्ड नहीं है। पहले आउटसोर्सिंग के जरिए गार्ड की व्यवस्था की गई थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने उन्हें हटा दिया। इस कारण रात्रि में महाविद्यालय के पिऊन को ही ड्यूटी पर तैनात किया जाता है। यह घटना यह दशार्ती है कि महाविद्यालय प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को गंभीरता से नहीं ले रहा है, और चोरों के द्वारा तार की चोरी होने से किसी भी अन्य वस्तु की चोरी भी संभव हो सकती है।

## मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी, सीएसपी संचालकों से स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** कूपा पंचायत में मंईयां सम्मान योजना के तहत 11 लाभार्थियों के खातों में अनाधिकृत रूप से राशि हस्तांतरित करने के मामले में तीन सीएसपी संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने इस संबंध में नवनीत कुमार पटेल, अजीत प्रजापति और सत्यनारायण गुप्ता को नोटिस जारी किया है। 15 जनवरी को पंचायत भवन कूपा में तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि सीएसपी संचालकों ने लाभुकों के खातों की बजाय अपने रिश्तेदारों के खाते पोर्टल पर दर्ज किए। इस लापरवाही और मनमाने आचरण को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया गया है कि अनाधिकृत खातों में स्थानांतरित राशि को 24 घंटे के अंदर प्रखंड कार्यालय की नजारत शाखा में जमा करें। साथ ही संचालकों को स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यदि समय पर जवाब और राशि की वसूली नहीं हुई, तो उनकी सीएससी आईडी निरस्त कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# गोली लगने से घायल युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**2024 के हत्या मामले में भी था शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में एक युवक को गोली लगने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल युवक, माली मोहल्ला निवासी मुन्ना पांडेय का 32 वर्षीय पुत्र मोंटी पांडेय को चैनपुर थाना पुलिस ने



गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मोन्टी पांडेय अपने चार दोस्तों के साथ शराब पी रहा था, जब अचानक अवैध हथियार से गोली चल गई और वह घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद गोली निकाली गई। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार भी बरामद किया। यह घटना 7 फरवरी 2024 को हुए नमिता देवी हत्याकांड के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, क्योंकि मोंटी उस मामले में भी जेल जा चुका था और हाल ही में दो महीने पहले जेल से बाहर आया था। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मोंटी को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

# कोयल नदी पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त, हादसे का खतरा बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पिछले काफी समय से मेदिनीनगर और शाहपुर के बीच स्थित पूरनचंद सेतु की रेलिंग क्षतिग्रस्त है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस पुल से रोजाना भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, और रेलिंग के टूटने से यदि कोई वाहन का संतुलन बिगड़ता है, तो वह सीधे नदी में गिर सकता है। खासकर भारी वाहनों और स्कूली वाहनों का आवागमन इस पुल से होता है। इसके बावजूद, संबंधित जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग को नजरअंदाज कर गुजर जाते हैं, जबकि न तो इसकी मरम्मत की जा रही है, न ही पुनर्निर्माण की कोई योजना है। कोयल नदी पर स्थित यह पुल डाल्टनगंज शहर से शाहपुर होते हुए गढ़वा को जोड़ता है। यह पुल बिहार के खान और भूतत्व मंत्री पुरनचंद द्वारा बनवाने की योजना के तहत 1981 में राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया था। चार दशक पुराना यह पुल अब जर्जर हो चुका है। लोगों द्वारा नए पुल निर्माण की मांग को लेकर बीते वर्ष पुल निर्माण विभाग ने पुराने पुल से सटे नए पुल के निर्माण के लिए कदम उठाए थे और अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भी भेजे थे, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्य योजना नहीं बन पाई है।

### सेवा सदन में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ

# समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन, मेदिनीनगर में शुक्रवार को दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा के करकमलों से किया गया। इस शिविर में रांची के नेत्र रोग सर्जन डॉ. सुरूचि पल्लवी और उनके सहयोगी हरेंद्र कुमार, अरुण कुमार द्वारा 51 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जा रहा है।



उद्घाटन सत्र में सेवा सदन के कार्यकारी सदस्य डॉ. एस. बी. महतो, महासचिव सुरेश कुमार जैन, संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, प्रभात अग्रवाल, सरस जैन, संजय तुलस्यान, मुरारी गोयल, सतीश सुमन, सुरेश उदयपुरी, ब्रजेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम है। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज के जरूरतमंद वर्ग को राहत मिलती है।

शिविर को सफल बनाने में सेवा सदन की ओर से कामता प्रसाद, कृष्ण कुमार ओझा, विजय कुमार, देवाशीष कुमार राय, सतीश कुमार मिश्रा, राहुल कुमार राम, सरोज देवी, पिंकी कुमारी और पुनम कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना: 233 लाभुकों के लिए अनुदान स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों को अनुदान राशि स्वीकृत करने के लिए बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अनुदान स्वीकृति समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के लिए संचालित है, जिसका उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे या 72,000 वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना है।

**स्वीकृत लाभार्थियों का विवरण:**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कुल 233 व्यक्तियों को अनुदान राशि स्वीकृत की गई:**

अनुसूचित जाति: 22 लाभुक
अनुसूचित जनजाति: 47 लाभुक
पिछड़ा वर्ग : 164 लाभुक

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। यह योजना गरीब एवं पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के लिए चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यो का बीडीओ ने की समीक्षा, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने 18 वर्ष पूरा कर चुके शतप्रतिशत मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। संबंधित बीएलओ को जानकारी दी गई कि चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा मतदाता पुनरीक्षण कार्य की अद्यतन जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिक युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं से नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए प्रपत्र 7, नाम शुद्धिकरण के लिए प्रपत्र 8 में आवेदन भरकर बीएलओ के पास जमा करने की अपील की। कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं की पहचान कर यह आकड़ा जुटा रहे हैं कि कितने नए मतदाता बन सकते हैं और कितने मतदाताओं की मौत हो गई है। क्षेत्र से आए सभी बीएलओ को प्रशिक्षु रोहित कुमार भारती द्वारा फार्म संख्या 6,7,व 8 भरने की ट्रेनिंग दी गई। मौके पर बीपीआरओ पवन कुमार, बीएलओ कमला कुमारी, शमा परवीन, रीना देवी, फूल कुमारी देवी, चंपा देवी खुशबू देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गढ़वा में उपायुक्त शेखर जमुआर का जनता दरबार, फरियादियों की समस्याओं का किया समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मुद्दे और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और आवेदन अग्रसारित करने का आदेश दिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी समस्याओं का समय पर और उचित तरीके से समाधान किया जाएगा।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक 22 को

**केतार।** गणतंत्र दिवस कि तैयारियों और झंडोत्तोलन का समय निर्धारित करने को लेकर बीडीओ प्रशांत कुमार ने 22 जनवरी को प्रखंड कार्यलय में 11 बजे बैठक बुलाई है। उक्त बैठक में प्रखंड प्रमुख,उप प्रमुख, थाना प्रभारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी,शाखा प्रबंधक,सभी मुखिया,मध्य विद्यालय केतार,लोहिया समता उच्य विद्यालय केतार,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार,आरके सिंह पब्लिक स्कूल केतार के प्रधानाध्यापक,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक को समय पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारण के लिए आमंत्रित किया गया है।

### दो पंचायत सचिव को नए पंचायत आवंटित

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से नवल-किशोर यादव को पाचाडुमर पंचायत आवंटित किया है। पंचायत सचिव राम सुरेश राम को बलिगढ़ पंचायत आवंटित किया गया। नवल किशोर यादव लोहरगाडा के साथ पाचाडुमर पंचायत और राम सुरेश राम बलिगढ़. के साथ परसोडीह पंचायत संभालेंगे। बीडीओ ने दोनों पंचायत सचिव को पंचायत का आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## ठंड से बचाव के लिए गढ़वा में कंबल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन ने गरीब और असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित करने का कार्य तेज कर दिया है। ठंड से बचाव के लिए प्रशासन लोगों को जागरूक भी कर रहा है। आज, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार ने ओबरा पंचायत के ग्राम अन्नराज नावाडीह और ग्राम भदुआ में पीवीटीजी समुदाय के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान, उन्होंने लाभार्थियों से पेंशन संबंधी जानकारी भी ली और उन्हें किसी भी प्रकार के बहकावे से बचने की सलाह दी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और इसे ठंड के मौसम में महत्वपूर्ण सहायता बताया।

## पुलिस ने अवैध गांजा खेती करने वालों पर की कार्रवाई

### 47 गांजा का पौध जब्त, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के सिगसीगा कला गांव में पुलिस ने शुक्रवार को गांजा की खेती करने वालों के उपर कार्रवाई करते हुए 47 गांजा का पौधा जब्त किया है। गांजा पुलिस आने की जानकारी मिलते ही गांजा तस्कर अपने घर से भागने में सफल रहे। चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सिगसीगा कला गांव में बड़े पैमाने पर गांजा की खेती ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद टीम गठित कर छापेमारी अभियान के तहत उक्त गांव से गांजा का पौधा को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में गांव के नन्कू यादव पिता स्वर्गीय बच्चू यादव के घर से 15 पौधा, बदन यादव पिता स्वर्गीय सुदामा यादव के घर से 12, संजय यादव पिता चंद्रदेव यादव के घर से10, दारा यादव पिता स्वर्गीय बच्चू यादव के घर से 10, व कृष्णा यादव पिता स्वर्गीय भजन यादव सभी सिगसीगा कला गांव के घरों से पौधे को जब्त करने के बाद चिनियां थाना परिसर लाया गया। पांचों के उपर में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छापेमारी अभियान में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल कार्यालय चिनियां से राजस्व उप निरीक्षक कर्मचारी, चिनियां थाना प्रभारी, चिनियां पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




**केतार।** सबकी योजना-सबका विकास अभियान 2024-25 के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रखंड सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल जीपीएफटी के सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी प्रक्रिया में शामिल प्रमुख हितधारकों की क्षमता को मजबूत करना, समावेशी और एकीकृत विकास योजना सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, पंचायत प्रतिनिधि सदस्य, वीपीआरपी सुविधादाता, जल सहिया कार्यकर्ता, वीओसीसी सदस्य और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और चर्चा की। ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को समझना स्थानीय सतत विकास लक्ष्य (एलएसडीजी) वीपीआरपी और जीपीडीपी में इसका एकीकरण जीपीसीसी और इसकी जिम्मेदारी एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (आईएनआरएम) योजना बाल सभा, महिला सभा और ग्राम सभा का महत्व योजनाओं और कार्यक्रमों का अभिसरण ई-ग्राम स्वराज पोर्टल प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यधिक प्रभावशाली रहा। जिसमें प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए ज्ञान और उपकरण प्रदान किया गया। स्थानीय सतत विकास लक्ष्य विषयों एवं एसडीजी लक्ष्य से संबंधित बेहतर शासन के लिए ग्राम पंचायत समन्वयक समिति को मजबूत करने की जानकारी दी गयी। ट्रेनिंग कार्यक्रम में बीडीओ प्रशांत कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र दुबे, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, राम सुरेश राम, आयुषी चौबे, नवल-किशोर यादव, रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, रोजगार सेवक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनी रीना देवी



**मेराल।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजहरा में शुक्रवार को प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आनंद चंद्रवंशी ने की। बैठक में उपस्थित लोगों को चुनाव का पर्यवेक्षक सह शिक्षक रघुराई राम व अजय राम ने प्रबंधन समिति के नियमावली को पढ़कर सुनाया। लोगों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से रीना देवी को चयन किया। संयोजिका पद के लिए सुनीता देवी तथा उपाध्यक्ष के लिए अभय चंद्रवंशी का चयन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक रघुराई राम ने बताया कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रीता कुमारी शिक्षक अमित सिंह मनीष सिंह जयप्रकाश राम ग्रामीण उपेंद्र पासवान सुनील पासवान सुमेर पासवान गोरखनाथ सिंह रीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण के बाद 21 छात्रों को पुणे में मिली नौकरी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखांड़ स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21छात्रों को शोभा लिमिटेड कंपनी बेंगलुरू मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव,प्राचार्य बृजकिशोर, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, शैलेन्द्र यादव, शमशेर अंसारी ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से इमानदारी से काम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 46वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं,अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1386छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवक प्रशिक्षित होंगे, तो बेरोजगारी कम होगा। मौके पर एमआईएस प्रेम कुमार,ट्रेनर सिंटू कुमार, जनक राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय में पोशाक का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रथम व द्वितीय वर्ग में अध्ययनरत 23 छात्र छात्राओं के बीच पोशाक वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष उदय कुमार ठाकुर व विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद ठाकुर ने छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया। एसएमसी अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन पूर्ण गणवेश में ससमय विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ने को कहा। प्रधानाध्यापक ने उपस्थित सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रानी चंचला देवी,रेखा देवी,कुंती देवी,सपना देवी,अंजू देवी,शांति देवी,ममता कुंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय का कारनामा: छह हिस्सेदारों का नाम वंशावली से गायब कर एक को ही हिस्सेदार बना दिया

### पीड़ित परिवार अपना हक पाने के लिए लगा रहा विभागों का चक्कर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज्यमार्ग 75 में भूअर्जन विभाग द्वारा इसके जद में आने वाले रैयतो के जमीन के बदले राष्ट्रीय मानक द्वारा तय मुआवजा राशि रैयतों को देती है, लेकिन इस मुआवजा राशि के लिए रैयतों का सत्यापन पंचायत के जनप्रतिनिधि और अंचल कार्यालय का मुख्य भूमिका होती है, तब रैयतों को मुआवजा राशि मिलती है। लेकिन अंचल कर्मचारी और उप मुखिया ने फर्जीवाड़ा करते हुए छह हिस्सेदारों को वंशावली से ही गायब कर एक हिस्सेदार को मुआवजा दिला दिया। जानकारी अनुसार बहियार खुर्द में एक ही वंश के छह हिस्सेदारों को वंशावली से नाम गायब कर एक को ही हिस्सेदार बना दिया। 14 डिसमिल भूमि का रैयत और दे दिया भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र। इस बात का पता शेष छह हिस्सेदारों को तब चला जब चनारिक यादव के पुत्रों के नाम भू अर्जन विभाग से नोटिस मिला। बता दें कि वर्षो पहले ही खाता संख्या 1,प्लॉट 7, रकबा 14डिसमिल को लेकर पट्टेदारों में जमीनी विवाद हुआ था, जिसमें जगदीश यादव के पुत्र सुदर्शन यादव की जान चली गयी थी। उसका केस अभी चल ही रहा है। उक्त जमीन रिझन महतो (यादव )के नाम से है, जिसके सात वंशज है। जमीन का सात हिस्सा है, लेकिन अंचल कार्यालय ने सात हिस्सेदारों के जगह एक हिस्सेदार को ही मालिक बना दिया। इस संबंध में अयोध्या यादव ने बताया कि अंचल कार्यालय, अंचल अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक और बहियार खुर्द के उप मुखिया मदन यादव ने गलत तरीके से वंशावली बना कर सात के जगह एक ही हिस्सेदार को मुआवजा का हकदार बना दिया, जबकि पूर्व में ही अंचल कार्यालय में इस संबंध में लिखित सूचना दी गयी थी। इसके बावजूद गलत वंशावली बना कर स्वर्गीय चनारिक यादव के पुत्र राकेश यादव और सभापती यादव को उक्त जमीन का मालिक बना कर नौ डिसमिल जमीन का मुआवजा राशि भी दिला दिया। मुआवजा राशि को लेकर उक्त 6 बटाईदार भू अर्जन विभाग गए थे। वहां उन्हें बताया गया कि इसमें विभाग कुछ नहीं कर सकता है। यह अंचल कार्यालय का मामला है। इस संबंध में संबंधित अंचल कर्मी सीताराम बड़ाइक से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। अंचलाधिकारी विकास पांडेय ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो उक्त लोग उनसे मिलकर अपनी बात को रखें। उचित करवाई की जाएगी। उप मुखिया मदन यादव ने बताया कि मुझसे जाति प्रमाण पत्र बनवाने की बात बता कर हस्ताक्षर करा लिया गया।

### वाहन चेकिंग अभियान में 10 बाइक जब्त



**केतार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात नियमों के अनुपालन कराने को लेकर केतार थाना पुलिस ने कोल मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस दर्जनों दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहन की कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहन की डिकी की गहनता से जांच की। इस क्रम में बिना हेलमेट व लाइसेंस के सफर कर रहे 10 वाहनों को जब्त किया गया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## अंतर्राज्यीय कांफ्रेंस सह सम्मान समारोह 23 को




**धुरकी।** समाजिक बदलाव और कुरीतियों को समाप्त कर समाज मे परिवर्तन लाने के लिए आगामी 23 जनवरी को अंतर्राज्यीय कांफ्रेंस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सोशल चेंजिंग मिशन के सचिव मुमताज अंसारी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथी स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव व उद्घाटनकर्ता झामुमो नेता ताहिर अंसारी होंगे। मंच का संचालन मौलाना तबीब आलम करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. यासीन अंसारी, दीपक प्रताप देव, व जिला शिक्षा पदाधिकारी कौशर रजा, धुरकी अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश के कई गणमान्य लोग आएंगे। बता दें कि यह कार्यक्रम समाज में फैले नशाखोरी, दहेज-प्रथा, अशिक्षा एवं विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने की पहल होगी। इस दौरान कार्यक्रम में कई अतिथियों को सम्मानित किया जायेगा व गरीब असहाय के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। प्रेस कांफ्रेंस में हाजी सदर जान मोहम्मद अंसारी, हाजी इस्माइल अंसारी, अजय राम, मुंद्रीका यादव, जाबीर अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुरा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड मुख्यालय में समय सुबह 8:15 बजे, थाना परिसर में 8:45 बजे, राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय 9:10 बजे, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र में 9:35 बजे, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक में 9:50 बजे, राजकीय मध्य विद्यालय (अपग्रेटेड हाई स्कूल) में 10:05 बजे, बीआरसी बिशुनपुरा एवं प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरी कला में 10:20 बजे, सभी पंचायत भवन बिशुनपुरा प्रखंड एवं सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में 10:30 बजे निर्धारित किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी, थाना प्रभारी राहुल सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, सीआरपी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र (सरकारी हॉस्पिटल) से पुष्कर गुप्ता, बीपीओ डिंपल गुप्ता, प्रभारी प्रधान अंचल सहायक अमल सिंह, पतिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, रोजगार सेवक चंद्रकांत कुमार, अंचल सहायक सत्यम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## निर्देश

### प्रखंड पंचायत समन्वय समिति की बैठक में उठा मामला

# केवल फोटों खीचने के लिए खुलता है आंगनबाड़ी केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड पंचायत समन्वय समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग के बीईईओ को प्रखंड कार्यालय में बैठने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र कोलझिकी में प्रतिनियुक्त एएनएम को लगातार अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जो प्रतिदिन नहीं खुल रहा है, उसपर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल फोटो खींचने के लिए खोला जाता है, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सख्ती से किया जाना चाहिये। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से कनीय अभियंता द्वारा जानकारी दिया गया कि ग्राम पंचायत गरबांध में कुल 46 डिप बोरिंग की योजना स्वीकृत है, जिसमे 3 योजना चालू स्थिति में है। शेष योजना का बोरिंग सफल नहीं होने के कारण चालू नहीं हो सका है। गरबांध के हसना बांध टोला में बिजली पहुंचाने का निर्देश दिया गया। लोगों को कल्याण विभाग के ऋण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, पीएम कुसुम, जेएसएलपीएस द्वारा दी जाने वाली महिला उद्यमी ऋण का लाभ दिलाने हेतु लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायतों में लगने वाले स्वास्थ्य मेला,पशुपालन शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड उप प्रमुख गणेश प्रताप देव,प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अमर राम, प्रधान सहायक अनिल कुमार ,सहायक मनोज कुमार,प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, ग्राम सेविका लालती देवी, उषा देवी, कनीय अभियंता आशीष कुमार, (पेयजल एवं स्वच्छता),मुखिया हलीवन्ता कला पंचायत सविता देवी, मुखिया नरही पंचायत मनोज कुमार ठाकुर,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश कुमार शुक्ल, पंचायत समिति सदस्य तेज्वंती देवी, कृष्णा राम, मृदुला द्विवेदी, चिंतामणि देवी, राधा देवी, राजकुमारी देवी, रविन्द्र राम सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### झंडोत्तोलन का समय तय करने को लेकर बैठक आज

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम का समय निर्धारण के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने दी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का समय निर्धारण के लिए सांसद, विधायक, प्रखंड, पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों व विभिन्न पार्टियों के नेता और प्रखंड अंतर्गत संचालित सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के अधिकारी को आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है।

### बाबा साहब के अपमान के विरोध में कांग्रेस का मार्च 19 को

**चंदवा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार को चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमेटे द्वारा जय संविधान अभियान के तहत मार्च निकालने का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने बयान जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहेब, संविधान व बापू का लगातार अपमान कर रही है, जिसके विरोध में यह मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है। यह मार्च पेंशनर समाज परिसर से निकाली जाएगी, जो इंदिरा गांधी चौक पहुंच कर समाप्त होगी। कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है।

### डीएमएफटी की प्रबंधकीय समिति की बैठक, लिए गए निर्णय

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के प्रबंधकीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमोदन के लिए 678 योजनाएं प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत 678 प्रस्तावित योजनाओं को अनुमोदित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू व अन्य उपस्थित थे।

### प्रभारी प्रधानाध्यपक का प्रभार शिक्षक को मिला

**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार विद्यालय के शिक्षक रुपेश कुमार को अपना प्रभार श्रवण कुमार मिश्रा ने गुरुवार को सौंप दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सातवें प्रधानाध्यापक के रुप में प्रभार रुपेश कुमार को सौंपा गया। मौके पर शिक्षक दिनेश प्रजापत दुबे, मौमिता विश्वास, अलका तिग्गा,मून कुजूर निमी मनीषा बरवा, रीना टोप्पो, हर्षित हर्ष,पंकज कुमार,अमित कुमार, नीतू कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मुखिया ने जरूरमंदों के बीच बांटे कंबल

**मयूरहंड (चतरा)।** कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच शुक्रवार को फुलांग मुखिया रेणु देवी व पंचायत समिति सदस्य प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कड़ाके के ठंड में गरीब व जरूरत मंद लोगों को कंबल मिलने से ठंड से काफी राहत मिली है। मुखिया रेणु देवी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से 120 कंबल मिला है। उक्त कंबल का वितरण पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जरूरतमंद लाभुकों के बीच किया गया है। मौके पर समाजसेवी शंकर रजक,गुड्डू रजक गणेश सिंह अनंत सिंह गुरु के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# खनन विभाग ने अवैध बालू भंडारण के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

**1 लाख 3 हजार सीएफटी बालू जब्त**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बड़ाकर नदी किनारे खाली पड़ी भूमि पर अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध प्रशासन ने शुक्रवार को दूसरी बार बड़ी कार्रवाई की। इसे लेकर प्रखंड से लेकर जिले के पदाधिकारी बड़ाकर नदी के नवडीहा व सोकी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण पाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों व स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध बालू भंडारण में जुटे लोगों को एक-एक कर चिन्हित किया गया। सोकी पंचायत क्षेत्र के दो स्थल,नवडीहा व सोकी घाट पर 1 लाख 3 हजार सीएफटी बालू जब्त किया गया है। कोर्ट के निर्देश पर खनन पदाधिकारी ने जब्त बालू को स्थानीय प्रशासन के जिमानमा में सौंपा गया।अवैध बालू भंडारण छापेमारी में चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम,खनन निरीक्षक राजेश हांशदा,अंचल अधिकारी मनीष कुमार,थाना प्रभारी अमित कुमार दिन भर बालू घाट पर डटे रहे। जिला खनन निरीक्षक ने मयूरहंड थाना में अवैध बालू खनन में जुटे लोगों के खिलाफ आवेदन दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### पंचायती राज्य के जनप्रतिनिधियों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने की मांग

**बारियातू।** समाज सेवी लालआशीष नाथ साहदेव ने झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की सराहना करते हुए पंचायती राज्य के मुखिया, सरपंच, जिला परिषद, प्रमुख, वार्ड सदस्यों के लिए भी इस योजना का लाभ देने की मांग की है। उन्होंने वित्तिय वर्ष 2024-25 में पंचायतों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दी जाने वाली मानदेय का हवाला देते हुए कहा कि इसके अंतर्गत जिला परिषद अध्यक्ष का 12 हजार रूपए, जिला परिषद उपाध्यक्ष का 10 हजार रूपए, प्रखंड प्रमुख का 8 हजार रूपए, उप प्रमुख का 4 हजार रूपए, मुखिया का 2,500 रूपए, उपमुखिया का 1,200 रूपए, जिला परिषद सदस्य का 2500 रूपए, पंचायत समिति सदस्य का 1000 रूपए, ग्राम पंचायत (वार्ड) सदस्य का मानदेय मात्र 500 रुपए है। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों में पंचायत समिति व वार्ड सदस्य का मानदेय वर्तमान में मंईयां सम्मान योजना के राशि के आधे से भी कम है। ऐसे में उन्हें वर्तमान में मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### बाइक दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**लातेहार।** हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के कसमार गांव के पास शुक्रवार की शाम हुई बाइक दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के करनदाग गांव निवासी दुलु गंझू के पुत्र परमेश कुमार व कौलेश्वर गंझू के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने घायल परमेश कुमार की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल दोनों युवक फुलशु ग्राम की ओर से कुछ कार्यों का निपटारा कर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान कसमार गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### जर्जर भवन में चल रहा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुर्घटना की आशंका

**गिद्धौर (आवाज)।** प्रखंड के बारियातू पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरियातू का संचालन जर्जर भवन में किया जा रहा है। भवन का छत जहां टूट कर गिर रहा है। फर्श व दीवार सहित पूरा भवन काफी जर्जर हो गया है। कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि विद्यालय में 174 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय में कुल आठ कमरे हैं, जिसमें पांच कमरे अत्यंत जर्जर हो गया है। जर्जर भवन होने की सूचना विद्यालय के सचिव गंगेश्वर उरांव द्वारा विभाग को दूरभाष पर चार माह पूर्व दिया गया था। इसके बाद जेई ने विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक भवन को ध्वस्त करने व सात कमरे को मरम्मत करने का आश्वासन दिया। पंचायत के मुखिया द्वारा भी विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। उन्होंने भी डीएमएफटी द्वारा भवन निर्माण करने का आश्वासन दिया, परंतु जर्जर भवन की न तो मरम्मत कराई गई और ना ही निर्माण किया गया। इस स्थिति में बच्चों को भवन में बैठने में काफी भय बना रहता है। फिलहाल विद्यालय के बच्चों को भवन के तीन कमरे मे बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय सचिव के साथ ग्रामीणों ने सांसद,विधायक व उपायुक्त से जल्द नए भवन निर्माण की मांग की है।

### 20 से 25 जनवरी तक सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन

**लातेहार।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रमों के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विभिन्न मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम,संचारी और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, आदि स्वास्थ्य जागरुकताओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने व लाभान्वित करने के लिए 20 से 24 जनवरी तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 20 जनवरी को सीएचसी बालूमाथ, 24 जनवरी को न्यू बिल्डिंग बरवाडीह, 24 जनवरी को सीएचसी चंदवा, 22 जनवरी को गारू रेफरल अस्पताल, 20 जनवरी को लातेहार प्रखण्ड कार्यालय परिसर, 23 जनवरी को सीएचसी महुआडांड, 22 जनवरी को सीएचसी मनिका, 22 जनवरी को बाजार टांड बारियातू, को प्रखण्ड कार्यालय परिसर हेरहंज, 24 जनवरी प्रखण्ड कार्यालय परिसर सरयू पर किया जाना है। बता दें कि जिले के सभी प्रखंडों में अयोजित स्वास्थ्य मेला के मद्देनजर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा सिविल सर्जन को शिविर में आने वाले आमजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं उठाना पड़े,और स्वास्थ्य संबंधित सारे टेस्ट एवं उपचार का व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## विद्यालय संचालन में कोताही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के सभी 56 विद्यालय की समीक्षा किया गया। बताया गया कि 56 विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक में कुल बच्चों का नामांकन 5,685 हैं। विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। पठान पठान सही तरीके से करने का प्रयास जारी है। बीडीओ ने स्टीयरिंग सह मानिटरिंग कमेटी के सदस्यों को समय-समय पर विद्यालय का अवलोकन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही व लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन बच्चों को देने का निर्देश दिया। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर जांचोंप्रांत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समय पर बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शिक्षकों को प्रत्येक दिन विद्यालय में उपस्थित बच्चों को एसएमएस करने को कहा। बैठक में पीएमश्री मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, सलग के अशोक कुमार दांगी, एमडीएम सेल के रामचंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के यदुनंदन पांडेय, दशरथ कुमार, डा सत्यप्रकाश, बीपीओ नीरज सिंह मौजूद थे।

## सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित

**अब तक मात्र 59.32 प्रतिशत ही ई-केवाईसी हुआ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित कार्डधारकों का ई-केवाईसी की तारीख बढ़ा दी गई है। लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी सुयोग्य कार्डधारियों के सदस्यों को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के ई-पॉश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करने के लिए विभागीय स्तर से निर्देश प्राप्त है। लातेहार जिला अन्तर्गत अब तक मात्र 59.32 प्रतिशत ही ई-केवाईसी हो सका है। विभागीय स्तर से सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी कराने का अंतिम तिथि 28 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिला अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को 17 जनवरी से 28 फरवरी तक सभी संबद्ध कार्डधारियों का ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिससे ससमय जिला अंतर्गत सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी हो सके। सभी राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी अपने ही पीडीएसडी दूकानों पर किया जाएगा। यदि निर्धारित अवधि में किसी भी सदस्य का ई-केवाईसी अद्यतन नहीं होता है, तो व्यक्तिगत रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता स्वयं जिम्मेवार होंगे।

## 12 वर्षों के बाद डीएवी पब्लिक स्कूल को मिली जमीन, भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल के लिए नये वर्ष 2025 में लगभग 12 वर्षों के लंबी प्रतीक्षा बाद शुक्रवार को भवन निर्माण के लिए अपनी भूमि का स्थाई रूप से निबंधन कर दिया गया। इससे पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बता दें कि डीएवी विद्यालय की प्रस्तावित जमीन क्रय के लिए पूर्व में डीएवीसीएमसी नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन व अनुमति प्रदान की गई थी। अब पूर्ण रूप से डीएवी विद्यालय लातेहार के भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। इससे पूर्व डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी,नई दिल्ली के सेक्रेटरी अजय गोस्वामी और कोषाध्यक्ष नानक चंद गर्ग द्वारा भूमि स्वामी लाल आशीष नाथ शाहदेव व उनके परिवार को भूमि क्रय के लिए अग्रिम राशि प्रदान कर दी गई थी। गत वर्ष 10 नवंबर 2024 को पोचरा स्थित लाल शंभू नाथ शाहदेव, लाल आशीष नाथ शाहदेव व अन्य की अधिकृत भूमि क्रय के लिए उन्हें अग्रिम राशि प्रदान करने के बाद ही शहर में चर्चा थी। आज उस भूमि की निबंधन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गयी। मौके पर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोनआई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉक्टर जीएन खान, डीएवी विद्यालय लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय उपस्थित थे। इससे पूर्व डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी,नई दिल्ली के सेक्रेटरी अजय गोस्वामी और कोषाध्यक्ष नानक चंद गर्ग द्वारा भूमि स्वामी लाल आशीष नाथ शाहदेव व उनके परिवार को भूमि क्रय के लिए अग्रिम राशि प्रदान कर दी गई थी। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मी उपस्थित थे।

**बाबूलाल मरांडी ने भाजपा जिला कार्यालय का किया उद्घाटन**

## सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ, जिम्मेवार पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को सड़क मार्ग से लातेहार पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद बाबूलाल मरांडी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर डूड़गी स्थित नव निर्मित भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। वैदिक मंत्र और पूजा अर्चना पंडित त्रिभुवन पांडेय द्वारा कराई गई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी जिम्मेवार भाजपा पदाधिकारियों को अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण भी किया। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, राजधानी यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, वंशी यादव समेत काफी संख्या में सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रॉफिट कमाना नहीं क्षेत्र का विकास करना लक्ष्य : सीईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला में संचालित होने वाली बनहरदी कोल माइंस के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए शुक्रवार को पीवीयूएनएल के वरीय अधिकारियों द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आरके सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस वर्ष दिसंबर माह से बनहरदी कोय माइंस से कोयला का खनन शुरू हो जाएगा। इसे लेकर लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कुछ काम बाकी है जो अंतिम चरण में है। कोयला ढुलाई को लेकर बनहरदी से चेटर तक 9 किमी का रेलवे लाईन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बनहरदी कोल माइंस संचालन शुरू हो जाने से लातेहार जिलावासियों सहित पूरे राज्य को काफी फायदा होगा। इस खदान से हर वर्ष लगभग 12 मिलियन टन कोयला का उत्खनन किया जाएगा और लगातार 30 वर्षो तक यहां उत्खनन होता रहेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी को अभी तक सरकार द्वारा 300 हेक्टेयर जमीन हैंडओवर कर दिया गया है, बाकि जमीन जल्द उपलब्ध कराने का सरकार द्वारा साकारात्मक आश्वासन मिला है। सभी कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को यहीं पर रोजगार मिले इसके लिए कंपनी के द्वारा अभी शुरूआत में 15 स्थानीय लोगों को लातेहार में ही हेवी विक्ल प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है, जो कोयला उत्खनन शुरू हो जाने पर इसी खदान में कार्य कर सके सकेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में जैसे ही उत्पादन बढ़ेगा, स्थानीय लोगों को अधिका से अधिक रोजगार मुहैया कराने को लेकर कंपनी के द्वारा मास्क लेवल पर स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा और इसी खदान में उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य प्रॉफिट कमाना नहीं, क्षेत्र का विकास करना है और लोगों को जीवन स्तर को उंचा उठाना है। बनहरदी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर ने कहा कि पीवीयूएनएल झारखंड में पांच स्थानों पर कार्य कर रही है। चार हजारीबाग जिले में और एक लातेहार जिले में। उन्होंने बताया कि पीवीयूएनएल राज्य में झारखंड सरकार के साथ मिलकर ज्वाइंट एडवेंचर के रूप में कार्य कर रही है। इसमें 74 प्रतिशत पीवीयूएनएल और 26 प्रतिशत झारखंड सरकार का हिस्सा है। दोनों का एक ही लक्ष्य है, राज्य के लोगों का जीवन स्तर में सुधार करना। हमारी कंपनी लोगों के शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने में विश्वास रखती है। इसलिए इस क्षेत्र में कोयला उत्खनन शुरू होने से पूर्व ही प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य कैप लगाना हो, कंबल वितरण हो या अन्य सामाजिक कार्य हो, सभी कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा कंपनी ले रही है। मौके पर एजीएम एस चंद्रशेखर, एजीएम आरबी सिंह, जीवेंदु महापात्र, अमरेशचन्द्रा, विनेश, अमित द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department,Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Short Tender Notice**

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/28/ 2024-25 | Construction of RCC drain from Yamuna Mistri house via Muni Devi house to Ravindra Gupta house in ward no. 02 under Medininagar Municipal Corporation | 18,42,960/- | 36,900/- | 5,000/- | 4 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 18/01/2025 At 10:00 AM | | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 18/01/2025 At 10:00 AM | | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 18/01/2025 At 10:00 AM | | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 03/02/2025 AT 02:00 PM | | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | 04/02/2025 AT 02:00 PM | | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 344476 District(24-25).D

**कार्यालय–**
**समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**"अतिअल्पकालीन निविदा"**

लातेहार जिलान्तर्गत अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्री, हरी साग–सब्जी, फल, दूध, पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्री इत्यादि आपूर्त्ति करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 25.01.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक जिला कल्याण कार्यालय, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 25.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। वांछित सभी दस्तावेजों को एक लिफाफा में जिसके ऊपर तकनीकी बिड अंकित हो, डालकर उसे सील बंद करके जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 4,00,000/– (चार लाख) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2024–25 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) वित्तीय वर्ष 2023–24 का आयकर रिर्टन (Assesment Year 2024-25) जमा करना अनिवार्य होगा।
4) उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
5) खाद्यान्न सामग्री आपूर्ति हेतु निविदादाता को खाद्य सुरक्षा अनुज्ञप्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6) निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप से मूल प्रति में जमा करना होगा।
7) खाद्य–अखाद्य सामग्री आपूर्ति करने का अनुभव प्रमाण–पत्र, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8) निविदादाताओं का न्यूनतम टर्नओवर 200.00 (दो करोड़ रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए विगत एक वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा।
9) खाद्य–अखाद्य सामग्रियों का नमूना लाना अनिवार्य होगा।
10) निविदा में आमंत्रित सामग्री हेतु GST में निबंधन होना अनिवार्य होगा।
11) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को खाद्य–अखाद्य सामग्री, हरी साग–सब्जी, फल, दूध, पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्री इत्यादि के लिए अलग–अलग सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

**नोटः–** आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची लातेहार जिला के **Website (latehar.nic.in)** से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 344451 (Welfare)24-25*D

### भंडरा के भौंरो ग्राम में मनायी गयी शहीद पांडेय गणपत राय की 216 वीं जयंती, बोली मंत्री नेहा तिर्की

# संगठित होकर विकास के पथ पर चलने की जरूरत

- *स्वावलंबी व मेहनतकश महिलाओं के लिए हमेशा तैयार सरकार*

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के भौंरो ग्राम में शहीद पांडेय गणपत राय की 216 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व मंत्री, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व अन्य अतिथियों द्वारा शहीद पांडेय गणपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आज हम संगठित होकर राज्य व राष्ट्र के विकास के लिए प्रयास करने की व विकास पथ पर बढ़ने की जरूरत है। सभी संगठित रहेंगे तो मजबूत रहेंगे। इतिहास गवाह रहा है कि जब भी समाज बँटा है तो देश कमजोर हुआ है। हमारे पूर्वजों ने, पांडेय गणपत राय, बिरसा मुण्डा जैसे शहीदों ने इस बात तो समझा और निःस्वार्थ भाव से समाज का नेतृत्व किया। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही हम आज आजाद देश में सांस ले रहे हैं और हमें संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। मंत्री ने कहा कि पाण्डेय गणपत राय के गांव आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। वे बहुत साहसी व्यक्ति थे। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन का नेतृत्व किया जो छोटी बात नहीं है। वे अगर निःस्वार्थ भाव से आजादी की लड़ाई नहीं





## शक्तिशाली साम्राज्य के विरूद्ध लड़ी लड़ाई : उपायुक्त डॉ वाघमारे

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि शहीद पाण्डेय गणपत राय ने ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध लड़ाई लड़ी जिनका साम्राज्य बहुत ही शक्तिशाली था। 1857 के विद्रोह के बाद देश के कई हिस्सों में विद्रोह का नेतृत्व अलग-अलग लोगों ने किया।





## यहां की संस्कृति व व्यवस्था की रक्षा की : हारिस बिन जमां

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि शहीद पाण्डेय गणपत राय ने यहां की संस्कृति व व्यवस्था को बनाये रखने के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने अपने साथ लोगों को संगठित किया और दुश्मनों के दांत खट्टे किये। हम सभी को उनके बताये गये रास्तों पर चलने की आवश्यकता है।

लड़ते तो आज हम और आप नहीं होते। उनके साथ आजादी के लड़ाई में सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। आज अगर उन्हें हम 216 वर्ष बाद भी याद कर रहे हैं तो यह उनकी महानता है।कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ वंदना राय, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा निदेशक प्रमोद कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, शहीद पाण्डेय गणपत राय का परिवार एवं भौंरो ग्रामवासी मौजूद थे।

**खेलगांव में स्टेडियम के नाम राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर :** मंत्री ने कहा कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की के प्रयास से खेलगांव स्थित स्टेडियम के नाम यहां के स्वतंत्रता सेनानियों व महानायकों के नाम पर रखे गये। खेलगांव में शहीद पाण्डेय गणपत राय के नाम पर एक इंडोर स्टेडियम भी है। शहीद शेख भिखारी कंप्लेक्स भी है। सभी स्टेडियमों के नाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर है।

**मंईयां सम्मान की राशि का निवेश करें महिलाएं :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत वर्तमान में राज्य की योग्य महिलाओं को 2500 रूपया मासिक दिया जा रहा है। महिलाएं इस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में करें। ना सिर्फ, अपनी आवश्यक जरूरतें पूरी करें बल्कि निवेश भी करें। निवेश से वह राशि और बढ़ेगी।

**लोहरदगा जिला की महिला मेहनतकश व संघर्षशील :** लोहरदगा जिला की महिलाएं बहुत ही मेहनतकश और संघर्षशील हैं। सरकार ने हाल ही में लोहरदगा जिला की फार्मस प्रोड्यूसर संगठन को ऋण दिया है। राज्य सरकार ऐसे ही महिलाओं को चिन्हित कर रही है जो मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्यान, पशुपालन आदि कार्यों से जुड़ी हैं लेकिन और बेहतर करना चाहती हैं। सरकार उनकी बेहतरी के लिए प्रयास कर रही है। महिलाएं स्वावलंबी बनें और बच्चों को शिक्षित करें।

**परिसंपत्तियों का वितरण :** मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों का परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें जेएसएलपीएस के दो महिला स्वयं सहायता समूहों; देवी मां और संतोष मां स्वयंसहायता समूहों के बीच 20 लाख रुपए का क्रेडिट लिंकेज, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की एक लाभुक कृति कुमारी को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना की एक लाभुक हफीजा खातुन को स्वीकृति पत्र, साजिया परवीन को आवासीय प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग अंतर्गत रोहित भगत को मछली पकड़ने का जाल, कृषि विभाग की ओर से मारवाड़ी उराँव को स्प्रे मशीन, संजय कुमार महली को रोटावेटर और एक लाभुक को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रमाण किया गया।

**स्टॉल का किया निरीक्षण :** शहीद पाण्डेय गणपत राय की 216 वीं जयंती के अवसर पर कृषि मेला का भी आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस मौके पर कृषि मेला का उद्घाटन माननीय कृषि मंत्री द्वारा किया गया। मेला में कृषि, मत्स्य, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, बाल विकास परियोजना, हिण्डाल्को, अबुआ आवास आदि के स्टॉल लगाये गये थे जिसका माननीय मंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया।

**शब्दांजलि पुस्तक का विमोचन :** कार्यक्रम में शहीद पाण्डेय गणपत राय की जीवन पर आधारित पुस्तक 'शब्दांजलि' का विमोचन माननीय मंत्री द्वारा किया गया। मौके पर लेखिका को भी मंत्री द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**15 किलो का लौकी व देशी कमला नीबू रहा आकर्षण का केंद्र :** भौरो में 17 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह सह विकास मेले में सामाजिक सुरक्षा कोषाग, हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, स्वास्थ्य, मतस्य विभाग, पेयजल एव स्वच्छता, बालविकास परियोजना, इसके अलावे किसान मेला सह कृषि प्रदशनी का आयोजन किया गया। किसान मेला सह कृषि प्रदशनी मे भौरो गाँव के भरोस लोहरा का 15 किलो का नीबू एव भौरो के किसान श्याम सुन्दर प्रजापति का देशी कमला नीबू आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम मे दर्जनों स्टॉल मे ग्रामीणों को विभागों द्वारा चलाये जा रहे विकास योजनाओं की जानकारी दी गई।वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैकड़ो ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच कर मुफ्त दवा वितरण किया गया।

**साहित्यकारो ने प्रस्तुत किये शहीद गीत :** भौरो में 17 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह सह विकास मेले में अतिथिओ द्वारा शहीद के सम्मान मे शब्दाजलि साझा संकलन पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही कार्यक्रम मे रांची से आये साहित्यकारो द्वारा शहीद गणपत राय के गीत प्रस्तुत कर लोगो को मनमुग्ध किया, अतिथियों द्वारा सभी साहित्यकारो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# मंत्री नेहा ने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, ने लोहरदगा जिला भ्रमण के दौरान किस्को प्रखंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण किया। इस मौके पर केवीके में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी माननीय मंत्री द्वारा ली गई। इसमें मृदा परीक्षण व परिसर में मौजूद कृषि संयंत्रों व उपकरण की स्थिति से अवगत हुईं। साथ ही निर्देश दिया कि 15 दिनों के अंतर्गत इसे ठीक कर लिया जाए। मंत्री द्वारा किन-किन बिंदुओं पर सुधार किया जा सकता है, इसका भी निर्देश दिया गया। साथ ही, केंद्र में कमियों को दूर करने का भी आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक हेमंत कुमार पाण्डेय समेत कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# 50 दिवसीय मांदर वादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शुक्रवार को लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत ग्राम चमरू में पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगर भाग ले रहे हैं, जिन्हें उन्नत टूल किट प्रदान की गई। टूल किट वितरण समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक ने कारीगरों को प्रोत्साहित



करते हुए कहा कि मांदर हमारा सांस्कृतिक धरोहर है, और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने वाद्य यंत्र के उन्नत निर्माण और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, रवि कुमार ने बताया कि उन्नत टूल किट के उपयोग से कारीगर मांदर निर्माण की गुणवत्ता और उत्पादन को बेहतर बना सकते हैं। इस पहल से कारीगर अपनी आय बढ़ाकर अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे। मांदर झारखण्ड की सांस्कृतिक पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। लघु कुटीर विभाग के द्वारा उत्पादन और बाजार की व्यवस्था में मदद किया जाएगा। कार्यक्रम के रानी कुमारी, प्रखंड समनवयक रवि कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव पांच दिवसीय यज्ञ का आगाज आज से

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू के नावाटोली में शिव मंदिर सह हनुमंत देवता प्राण - प्रतिष्ठा एवं पांच दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ 18 जनवरी शनिवार से होगा। आयोजन को लेकर यज्ञशाला का निर्माण किया जा चुका है। विशेष साज-सज्जा के साथ कलश यात्रा से प्रारंभ इस कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन धार्मिक आयोजन होंगे। इस दौरान आचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा मंडप प्रवेश, जलाधिवास, अन्नाधीवास, पुष्पाधिवास, गंधाधीवास, सईया अधिवास, हवन, बेदी पुजन सहित अन्य कार्यक्रम कराया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन रात को कथावाचक सुर्य कांत त्रिपाठी प्रवचन प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब है कि नावाटोली गांव में सार्वजनिक सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण करवाया गया है। जिसके लिए अवतार भगत ने भूमि दान की है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने बताया कि समापन के अवसर पर 22 जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन रखा गया है।


## कार्यालय,जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार -सह-सचिव सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि०, लातेहार

पत्रांक......................../ दिनांक....../......./2025

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

जिला लातेहार अन्तर्गत (सिद्धकोफेड) के अधीन कार्यालय सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि० के दैनिक उपयोग हेतु बाह्य स्त्रोत (Out Source) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेन्सी/ फर्म /वाहन आपूर्ति कर्त्ताओं से सिलबंद निविदा आंमत्रित किया जाता है।

| Sl No. | Name Of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Requirement of Vehicle (Bolero) on Rent | Rate Contract for Vehicle (Bolero) on Rent from Outsource |
| 2 | Tender Fee | Rs-2000.00 (Two Thousand Rupees Only) Non Refundable |
| 3 | EMD Fee | Rs-25000.00 (Twenty Five Thousand Only) |
| 4 | Last Date/time for Submission of bids | 01.02.2025 Till 05.00 P.M |
| 5 | Bid Opening Date (Technical) | 04.02.2025 At 12.30 P.M (D.C.O Office, Dharmpur, Latehar) |
| 6 | Name& Address of office inviting Tender (Procurement Officer) | Secretary of Sidho-Kanhu Agriculture and forest Produce District Co-Operative Societies Latehar Cum D.C.O Office Latehar |
| 7 | Contact no. of Procurement Officer | 8969116202 |
| 8 | Helpline Number | 7004490658 |

**Note :-** Further details can be seen, downloaded through website website http://latehar.nic.in.

सचिव, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, लातेहार।

प्रबंध निदेशक सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार।

**PR.NO.344481 Co-opretive(24-25):D**


# भंडरा के लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय से 15 सेट कंप्यूटर की हुई चोरी

- *अब छात्रों को अब स्मार्ट क्लास का लाभ नहीं मिल पाएगा*
- *आठ लाख का नुकसान, जाँच मे जुटी पुलिस*

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा से 15 सेट कंप्यूटर की चोरी बीते रात कर ली गई है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार के द्वारा भंडरा थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। भंडरा पुलिस के द्वारा इस मामले की अनुसंधान की जा रही है। घटना के बारे में प्रधानाध्यापक अजय कुमार के द्वारा बताया गया कि आईसीटी रूम में लगा 11 कंप्यूटर सेट एवं अन्य चार कंप्यूटर सेट, तीन प्रिंटर, 6 बैटरी, एक मॉनिटर की चोरी चोरों ने की है।



विद्यालय का चैनल एवं ताला काटकर चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। समाचार संप्रेषण तक विद्यालय में लगे सीसीटीवी की जांच नहीं की गई थी। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया गया सीसीटीवी कैमरा बिजली नहीं रहने के कारण नहीं खोला जा सका है। कंप्यूटर सेट की चोरी होने से विद्यालय में स्मार्ट क्लास चलाने में समस्या होगी। छात्रों को अब स्मार्ट क्लास का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कानूनी जानकारी और सरकारी सहायता योजनाओं से अवगत कराने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल वकील तरुण देवघरिया और पीएलवी कालिंदर उरावँ ने बच्चों के लिए महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार जैसे भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, चाइल्ड केयर इंस्टिट्यूशन, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, बाल कल्याण समिति, और बाल संरक्षण इकाई के बारे में विस्तार से बताया।

# कैरो के हनहट में सरस्वती संस्कार केंद्र का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विद्या भारती कार्य योजना के अनुसार शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा की ओर से हनहट गांव, प्रखंड कैरो लोहरदगा में संस्कार केंद्र का विविधत उद्घाटन किया गया। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के जिला संघ चालक श्यामसुंदर उरांव, प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन पिन कुमार दास, शिशु मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन तथा वंदना के साथ केंद्र का शुभारंभ किया । संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास ने बताया कि संस्कार केंद्र शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा संचालित है। सुदूर क्षेत्र में संस्कार केंद्र के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने का पहल किया गया है। संस्कार केंद्र के उद्देश्य को व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों में अच्छा संस्कार दे सकते हैं। देश में अच्छे नागरिक का विकास भी कर सकते हैं। विद्यालय संचालक दिलीप कुमार ठाकुर उपस्थित थे। विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रातः स्मरण तथा अपनी संस्कृति को अपनाने के लिए संस्कार जरूरी है । जब बच्चे संस्कारित होंगे तब अपने माता-पिता की सेवा करेंगे। जिला संचालक श्री श्यामसुंदर उरांव ने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों में संस्कारित शिक्षा दी जा रही है। इस मौके पर ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

सूचना

विशेष लोक अदालत

शनिवार, 22 वीं फरवरी 2025

व्यवहार न्यायालय,पलामू में निःशुल्क सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए

दिनांक 8 जनवरी 2025 से 22 फरवरी 2025 तक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नालसा के निर्देशानुसार, एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा दिनांक – 22 वीं, फरवरी 2025 को व्यवहार न्यायालय परिसर, पलामू, डालटनगंज में विशेश लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेश लोक अदालत में समझौता योग्य निम्नलिखित वाद जो किसी न्यायालय में लंबित हैं या नहीं का निपटारा किया जा सकता हैः–

धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881, कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले। विचाराधीन तथा मुकदमें के पूर्व के मामले ।

लोक अदालत विवादों का त्वरित निपटारा तथा अंतिम निपटान, सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाये जाने को सुनिश्चित करता है।

अगर आप का उपरोक्त कोई मामला व्यवहार न्यायालय, पलामू में विचाराधीन है और अगर आप उस मामले का निपटारा कराना चाहते हैं तो 22 वीं, फरवरी 2025 से पूर्व स्वयं या अपने वकील के जरिए व्यवहार न्यायालय, पलामू में उपस्थित होकर आवेदन दाखिल करें। इस हेतु समझौता पूर्व बैठक सभी संबंधित न्यायालयों में कार्यालय अवधि के पुर्व एवम् पश्चात कार्यरत रहेंगे।

विशेष लोक अदालत दिनांक– 22 वीं, फरवरी 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी । इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 से 4:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू में आ कर सचिव (मोबाइल सं0 8757269596) से सम्पर्क किया जा सकता है ।

–निवेदक–

(रीश्मा रमेशन) आरक्षी अधीक्षक –सह– सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू।

(शशि रंजन ) उपायुक्त –सह– उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू।

(नीरज कुमार श्रीवास्तव ) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू।

PR 344526 (Palamu)24-25*D


### लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद शुरू

# डीसी व एसपी ने किया एथलेटिक मीट का उद्घाटन

- *लोहरदगा की प्रेरणा पन्ना व गुमला का अमित कुमार तेज धावक विजेता बने*
- *लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन खेल के विकास में सराहनीय कार्य कर रहा है : डीसी*
- *खिलाड़ियों की छिपी प्रतिभा को उभारने का अच्छा मंच है : एसपी*
- *जिला एथलेटिक एसोसिएशन जिला को खेल हब बनाने का प्रयास करेगा : संजय कुमार साहू*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 1951 से चला आ रहा खेलकूद प्रतियोगिता इस वर्ष 67वीं राज्य स्तरीय मीट का आयोजन ललित नारायण मिश्रा स्टेडियम लोहरदगा में किया गया सुभारम्भ । इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि एसपी हारिस बीन





जमां ने झांडोतोलान और दीप प्रज्वालित कर किया उद्घाटन। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त लोहरदगा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की लोहरदगा में एथलेटिक मीट का आयोजन भव्य और शानदार आगाज किया गया है। झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये खिलाड़ियों से लोहरदगा एथलेटिक को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी। जिला के छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका प्राप्त होगा। खेल को खेल की भावना से खेलने की जरुरत है। खेलकूद जीवन का अंग बनाने की जरूरत है। खेल से आपसी सौहार्द और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है।

पुलिस अधीक्षक हारिस बीन जमाँ ने लोहरदगा जिला एथलेटिक मीट आयोजक को धन्यवाद देते हुए कहा की झारखंड में खेल में बहुत प्रतिभा है उसे आगे मंच देने का यह आयोजन माध्यम बनेगा। आयोजन सचिव संजय कुमार साहू ने कहा की विगत कई वर्षो से यह आयोजन नहीं कराया जा सका था इसलिए थोड़ी परेशानी हुए लेकिन चारो एसोसिएट सचिव एवं अन्य आयोजन में सार्थक भूमिका निभा रहे है और लगभग 600खिलाड़ियों का लोहरदगा की धरती में आना ही सफलता प्रदर्शित करता है। प्रतियोगिता को रोचक और आकर्षक बनाने के निमित्त वेश भूषा, जलेबी रेस और बोरा दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि जिला के सभी नागरिकों की सहभागिता बनाया जा सके। कार्यक्रम में सभी जिलों से आये प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और लोहरदगा के राज्य स्तरीय एथलेटिक निशांत भगत द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला का रहा दबदबा और सबसे तेज धविका लोहरदगा की प्रेरणा पन्ना बनी वहीं लड़कों की सबसे तेज धावक अमित कुमार गुमला का बना। वहीं 5000दौड़ में लोहरदगा के साधन कुमार राम चाँदकोपा लोहरदगा प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं 600मीटर जूनियर बालिका में प्रथम सीमा उरांव लोहरदगा, द्वितीय अनिशा बागे कामडारा(गुमला), तृतीयनिधि तिग्गा भूरकुंडा (रामगढ) वहीं 600मीटर जूनियर बालक में प्रथम रवि उरांव (गुमला), द्वितीय सुखराम एक्का नवातांड (राँची), तृतीय करमचंद महतो (गुमला), शॉट पुट जूनियर बालक में प्रथम छोटू रजक मोरहाबादी राँची प्रथम, द्वितीय शशि भूषण उरांव (गुमला), तृतीय महफूज मल्लिक (गिरिडीह) विजेता बने है। इस अवसर पर मदन मोहन पांडेय, संजय बर्मन, प्रोफेसर लोहरा उरांव, प्रोफेसर परमानन्द अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, ज्ञानचंद अग्रवाल, अफसर कुरैसी, शैयद अशरफ अहमद, राजकिशोर महतो, अलोक रॉय, विनय उरांव, चंद्रशेखर अग्रवाल, देवाशिश कार, ओह्म प्रकाश सिंह, उमेश्वर नाथ तिवारी, डॉ. गणेश प्रसाद, असफाक मुन्ना लातेहार, अनवर हुसैन राज्य टेक्निकल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार तेतराई के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2025 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तेतराई हाट | पाँकी | 04-02-2025 | मध्याह्न–12:00 बजे से | 192000.00 | 19200.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.01.2025 तक **कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।** बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। **डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या–7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–

उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,जिला परिषद, पलामू

PR 344496 District(24-25).D

### डुमरी के सीरा सीता धाम में आयोजित होगा राजकीय मेला

# डीसी ने विशेष बैठक कर तैयारियों को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सीरा सीता धाम में फरवरी माह के पहले गुरुवार, 06 फरवरी 2025 को राजकीय मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले के सफल आयोजन के लिए आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला के नया समाहरणालय भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मेले के आयोजन के लिए प्रमुख व्यवस्थाओं पर जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए।

**प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता :** मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

**साफ-सफाई व्यवस्था :** स्थल पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

**शौचालय, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था :** इन सभी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए।

**एंबुलेंस और चिकित्सकीय सेवाएं :** मेले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी व्यवस्था की जाए।

**रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण :** मेले स्थल की सजावट और सौंदर्यीकरण का कार्य समय पर पूरा किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेले में आने वाले किसी भी यात्री को कोई परेशानी न हो और सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूरी की जाएं। इस बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ चैनपुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, बीडीओ डुमरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय, प्रशासनिक मामलों पर हुई चर्चा



शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासनिक मामलों, अनुकंपा नियुक्ति, पारस्परिक स्थानांतरण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए गए। बैठक में सामान्य अनुकंपा के तहत एक मामले को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी के बारहंगी सुरंग में मृत्यु से संबंधित तीन अनुकंपा मामलों को जिला स्तर पर स्वीकृत किया गया और गृह विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए। इस मामले पर भी स्वीकृति दी गई और गृह विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। पांच चौकीदार अनुकंपा मामलों में स्वीकृति प्रदान करते हुए रिक्ति के अनुसार शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। 13 मामलों को सत्यापन हेतु जिला लेखा कार्यालय भेजने का निर्णय लिया गया। दो पारस्परिक स्थानांतरण मामलों को भी स्वीकृति दी गई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी मामलों को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, एसडीओ और अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## चैनपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**चैनपुर।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेश पर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को चौक चौराहा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने किया, जिसमें स्कूली बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।अभियान के दौरान, सड़क पर चल रहे मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। विशेष ध्यान दिया गया कि दो पहिया वाहन सवार बिना हेलमेट और चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के न हों। जो भी नियम का उल्लंघन करते पाए गए, उन्हें फूल और माला देकर नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, चैनपुर थाना के जवानों और कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना की और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।यह अभियान न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहा है, बल्कि यह समुदाय में एक सकारात्मक संदेश भी फैला रहा है कि सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है।

# पानी है फिर भी लोगों के हलक सूखे हैं वर्षों से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था ठप्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** बसिया मुख्यालय चारो ओर ले नदी नालों से घिरा हुआ है। यहाँ बाह्य जल स्रोतों की कोई कमी नहीं है और न इसकी मुख्य आबादी के लिए जलमीनारों का कोई अभाव है। इसके बावजूद पानी के लिए यहाँ के लोग पीनी पानी होने के लिए अभिशप्त होकर रहने को विवश हैं। बताते चलें कि बसिया बीते कई वर्षों से अनुमंडल मुख्यालय है फिर भी यहाँ के लोग शुद्ध पेयजल की अपेक्षा से कोसों दूर हैं। ऐसा तब है जबकि दक्षिणी कोयल नदी की विशाल धारा बसिया के बीचोबीच होकर बहती है। इस नदी में दो जलकूप, दो जलमीनार व जलापूर्ति हेतु व्यापक पैमाने पर पाईपलाईन



भी बिछा हुआ है। इसके अतिरिक्त एनएचपीसी व लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग परिसर में डीप बोरिंग के द्वारा पेयजल की अलग अलग व्यवस्था की गई है। मतलब यह कि कागजी तौर पर यहाँ पेयजल आपूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था कर दी गई है परन्तु दुर्भाग्य देखिए कि कोनबीर जलमीनार वर्षों से खुद प्यास के कारण मर रहा है तो गत एक साल से बसिया जलमीनार के भी कंठ सुखे हुए हैं। कुछ वर्षों पूर्व तक ऐसी व्यवस्था नहीं थी। यही हाल डीप बोरिंग जलापूर्ति योजना का भी है क्योंकि पीएचडी कार्यालय स्थित डीप बोरिंग में मोटर व पाईपलाईन नदारत है तो एनएचपीसी बोरिंग महज कुछ घरों में सीमित होकर पड़ा हुआ है। यही हाल कोयल नदी स्थित कुओं का है जहाँ मोटर नहीं होने के कारण पेयजलापूर्ति ठप्प है। ऐसा तब है जबकि भौगोलिक कारणों से यहां निजी बोरिंग व कुआँ आदि सफल नहीं हो पाते हैं। ऐसे में इस समस्या के समाधान हेतु आम लोग तमाम संबंधित विभागों के सामने गुहार लगा कर अब थक चुके हैं।


## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
CIN:U40108JH2013SGC001702)
Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer,
Electric Supply Area, Medininagar

**Very Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable (In Rs.) | Time for comple tion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 282/PR/JB VNL/2024-25 | Construction of ladies toilet and sinking of one no (200/165 mmdia) HYDT deep boring and provision of submersible pump at Electric Supply Division Office, Daltonganj under Electric Supply Circle, Daltonganj. | Rs 9,03,100.00 | Rs 18,100.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475 .00 | 05 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 20.01.2025 2:00 PM to 29.01.2025 at 5:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 29.01.2025 at 5:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 30.01.2025 at 05:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM(T), Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**). \\
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 344554 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D



## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
CIN:U40108JH2013SGC001702)
Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer,
Electric Supply Area, Medininagar

**Very Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 281/PR/ JBVNL/ 2024-25 | Repair and Maintenance of control room building and allied civil works of 33/11 KV PSS Chandwa under Electric Supply Circle, Daltonganj. | Rs 6,60,900.00 | Rs 13,250.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475 .00 | 03 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 18.01.2025 2:00 PM to 27.01.2025 at 5:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 27.01.2025 at 5:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 28.01.2025 at 05:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM(T), Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**). \\
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 344553 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D


# न्यूज बॉक्स

## 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान : विशुनपुर और घाघरा में राज्यस्तरीय टीम का निरीक्षण



**गुमला।** गुमला जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत, आज विशुनपुर और घाघरा प्रखंडों में राज्यस्तरीय टीम ने व्यापक निरीक्षण किया। टीम ने घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की प्रयोगशाला में बलगम और नात परीक्षण प्रक्रियाओं की समीक्षा की, जिससे टीबी निदान की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

**पद्मश्री अशोक भगत से मुलाकात:** विशुनपुर में विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत से मुलाकात के दौरान, टीम ने उन्हें अभियान की प्रगति से अवगत कराया और 'निक्षय मित्र' बनने का आग्रह किया। श्री भगत ने सहर्ष स्वीकार करते हुए विशुनपुर के सभी टीबी मरीजों को गोद लेने का आश्वासन दिया। श्री भगत ने विकास भारती द्वारा संचालित सुक्का बिरजिया अस्पताल में विशुनपुर प्रखंड के सभी संवेदनशील समूहों के लोगों के एक्स-रे कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, जिससे टीबी की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सके। टीम ने विशुनपुर प्रखंड के निरासी पंचायत के कटया गांव में आयोजित निक्षय शिविर का दौरा किया, जहां ग्रामीणों, सहिया (आशा कार्यकर्ता) और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से उनके कार्यों और अनुभवों के बारे में जानकारी ली। इस निरीक्षण दल में प्रिया सिंह (डेटा एनालिस्ट), सुश्री जूही कुमारी (स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर, पिरामल स्वास्थ्य), दीपक ठक्कर (एसपीओ-पीएमटीबीएमबीए), गुमला एनटीईपी से पीपीएम कॉर्डिनेटर हरिशंकर मिश्रा, संजीत एक्का (डीपीओ, पिरामल स्वास्थ्य), रूद्र प्रताप (गांधी फेलो) और अमित प्रसाद शामिल थे।

## सांसद सुखदेव भगत ने सिसई प्रखंड कार्यालय में की प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक



**सिसई (गुमला)।** लोकसभा सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में दिन शुक्रवार को सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक किया गया। सर्वप्रथम सांसद ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं बिरसा मुंडा वाटिका में मार्लयापन कर प्रखंड सभागार में पहुंचे जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख निलेश उरांव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। समीक्षा बैठक में सांसद ने पहले अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो को बुलाने को कहा पर वे छुट्टी में थे। उसके बाद अंचल के कर्मियों ने अंचल के सभी कार्य के बारे में जानकारी दी। जिस पर सांसद ने दाखिल खारिज, के साथ साथ जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र को तत्काल निर्गत करने और जरूरतमंदों को ऑफलाइन के आधार पर प्रमाण पत्र देने को कहा। और ग्रामीणों से काम कराने के एवज में पैसे नहीं देने का अपील भी किए। स्वास्थ्य विभाग का समीक्षा करते समय सांसद ने रेफरल अस्पताल सिसई की लचर व्यवस्था के बारे कहा। जिस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज ने अस्पताल में डॉक्टरों व भवन की कमी को बताया। सुनने के बाद तत्काल सांसद ने सिविल सर्जन गुमला को फोन लगाए और अस्पताल की लचर व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए सुधार करने को कहा। इसी प्रकार से सांसद ने बारी बारी से शिक्षा, मध्यान भोजन, जनवितरण, आवास, पेयजल एवं स्वच्छता, पशुपालन, आंगनबाड़ी, विभाग का समीक्षा किए और संबंधित विभाग के पदाधिकारी को जनता को परेशान ना कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निष्पादन करने का निर्देश दिए।

## खेल विश्वविद्यालय निर्माण की मांग, प्रयास मंच ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**गुमला।** प्रयास मंच की पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गुमला में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त गुमला के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में कहा कि रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला का क्षेत्र वर्षों से खेल प्रतिभाओं का केंद्र रहा है। यह जनजातीय बाहुल्य और आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र विकास की राह देख रहा है। खेल विश्वविद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, यह क्षेत्रीय विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय की स्थापना महामहिम राष्ट्रपति के कार्यकाल में इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक योगदान होगा। उन्होंने आशा जताई कि इस प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। प्रयास मंच ने बताया कि अगली बैठक 30 जनवरी 2025 को होगी, जिसमें हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राज्यपाल, झारखंड सरकार को भी सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधियों में मंच के अध्यक्ष संतोष झा, संरक्षक कृष्ण नर्सरीया, संयोजक विनीत लाल, कुश्ती संघ के सचिव निलेश साहू, और हॉकी संघ के सचिव नॉरबर्ट कुजूर शामिल थे।

## भीषण सड़क हादसा 17 वर्षीय युवक की मौत, चार घायल

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के सीसी करम टोली पंचायत अंतर्गत रोशनपुर में आज दोपहर 1:30 बजे दो मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक घटना में बीतरी गांव निवासी 17 वर्षीय राहिल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय राहिल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार अनीश लकड़ा (17 वर्ष), शिवचरण लोहार (27 वर्ष), जूलियस केरकेट्टा (40 वर्ष) और रवि केरकेट्टा (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलों की स्पीड काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दोनों गाड़ियों की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि टक्कर अत्यंत भीषण थी, जिससे दोनों गाड़ियों के आगे के चक्के तक टूट गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को चैनपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि मृतक राहिल जारी स्कूल का 10वीं कक्षा का छात्र था। इस दुर्घटना में घायल अनीश लकड़ा, जारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा का भतीजा है। घटना की जानकारी मिलते ही जारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। साथ ही, दोनों मोटरसाइकिलों को थाना ले जाया गया है।

### वासना की अंधी दौड़

# डेढ़ वर्षीय पुत्र की हत्यारी मां को आजीवन कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई थी, जिसमें एक मां ने अपने ही डेढ़ वर्षीय पुत्र की हत्या कर दी थी। इस मामले में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद मिश्रा की अदालत ने दोषी मां संगीता टेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

**घटना का खुलासा :** यह मामला वर्ष 2021 का है, जब पालकोट थाना क्षेत्र के कलिगा गांव की रहने वाली संगीता टेटे ने अपने बेटे आकाश टेटे की हत्या कर उसका शव तोरपा नदी में बालू के नीचे गाड़ दिया। हत्या के बाद उसने चालाकी से पालकोट थाना में बच्चे के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई, ताकि अपने प्रेमी के साथ भागने की योजना को अंजाम दे सके।

**पुलिस की जांच से उभरा सच :** मामले की गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने पाया कि बच्चा लापता नहीं था, बल्कि उसकी मां ने उसकी निर्मम हत्या कर शव को नदी में दफना दिया था। इस संबंध में पालकोट थाना कांड संख्या 8/21, दिनांक 25 मार्च 2021 को दर्ज की गई थी।

**न्यायालय का फैसला :** मामले की सुनवाई के दौरान तत्कालीन दंडाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूति मंडल सहित कई गवाहों के बयान और फॉरेंसिक जांच के आधार पर न्यायालय ने मां को दोषी ठहराया। शव से बरामद नरकंकाल, कपड़े और अन्य सामान की जांच रिपोर्ट ने साक्ष्यों को और मजबूत किया।

**लोक अभियोजक की भूमिका :** इस हृदयविदारक घटना में लोक अभियोजक अजय कुमार रजक ने कुशल पैरवी कर अदालत को सजा सुनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रभावी तर्क और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह कठोर निर्णय सुनाया।

**सामाजिक आघात :** इस निर्मम घटना ने न केवल गुमला जिले बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया। एक मां की वासना ने उसे इस कदर अंधा बना दिया कि उसने अपने ही मासूम बच्चे की बलि दे दी। इस घटना को लेकर समाज में व्यापक चर्चा हो रही है, जिसने सामाजिक मूल्यों पर गहरा आघात किया है।

**न्याय की मिसाल :** यह फैसला न केवल एक मां की क्रूरता का पदार्फाश करता है, बल्कि समाज में यह संदेश भी देता है कि न्याय व्यवस्था ऐसे अमानवीय अपराधों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। न्यायालय का यह निर्णय इंसाफ की एक मिसाल है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 24/वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 24.01.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 25.01.2025 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 25.01.2025 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Community Toilet Gandhi Maidan in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation | 629730 | 12600 | 5000 | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 344475 District (24-25)_D



## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website: www.netarhatvidyalaya.in

**Advt No.-91 Dated -17.01.2025**

**Expression of interest : Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya.**

Netarhat Vidyalaya , the state government's premier senior secondary school located on a beautiful Netarhat plateau, nearly 160 Km from Ranchi, is widely known for imparting quality education and all around development of the Students Since last 70 years. This school, a residential one, has since been granted autonomy and is being administered by **'Netarhat Vidyalaya Samiti'** a society registered under the societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

**Netarhat Vidyalaya now proposes to Select relevant Contractors having experience for Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya, Netarhat.** EOI are invited from reputed Firm/Agencies/ Individuals etc in respect of the subject matter cited above which shall be in the shape of two bid system – Technical and Financial – to be presented in two separate sealed envelopes by **2.00pm Before 30th January, 2025**. Tender cost is Rs. 2000/- Online through Which has to be paid through Our School website i.e www. netarhatvidyalaya. com.

The following documents need to be submitted along with the tender:-

Technical Bid: (i) PAN Card (ii) GST Registration Paper (iii) GST Return Certificate (iv) Last three year (21-22, 22-23, 23-24) Income Tax Return (v) Experience certificate in the relevant field.

Financial Bid: Best comparative industry rate in the standard format.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
- Cum Member Secretary, Netarhat Vidalaya Samiti

PR.NO.344501 Human Resource Developement(24-25):D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पाँकी (तेतराई) | भूतल | 101, , 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112, 113, 114 | 12 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 102, 109, | 02 | 9360.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | छतरपुर | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23, C-24, C-25, C-26, C-27, C-28, C-29 | 29 | 10350.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | नावाबाजार | भूतल | B-01, B-02, B-03, B-04, B-05, B-06, B-07, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16, B-17, B-18, B-19, B-20, B-21, B-22, B-23 | 23 | 8316.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | बिश्रामपुर | भूतल | D-07, D-09, D-10, D-17 | 08 | 8316.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12, C-13 | 08 | 9000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 6000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 9400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | कुल :– | | | 91 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | 24/01/2025 से 01/02/2025 तक |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | 24/01/2025 से 03/02/2025 अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 04/02/2025 को 01:00 बजे अपराह्न |
| 7. | डाक का स्थान :– | Block-C स्थित कार्यालय कक्ष। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 344495 District(24-25)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारम्बार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**

## संपादकीय

### 75 साल बाद इंडोनेशिया के राष्ट्राध्यक्ष का मुख्य अतिथि होना

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। देश इस बार गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए तैयार है। संयोग से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे। वह भारत के मित्र होने के साथ-साथ एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने इंडोनेशिया को डच औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। उनके प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, उड़ीसा (अब ओडिशा) के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक और कई अन्य नेताओं से गहरे संबंध थे। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

*भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था।*

भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह भारत की विदेश नीति का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। देखा जाए, तो गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना, भारत और उस देश के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अवसर भी है।

**गणतंत्र दिवस के मंच का असर**

गणतंत्र दिवस एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां भारत अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ सकता है और वैश्विक मुद्दों पर अपनी राय रख सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति इस अवसर को और भी अधिक महत्वपूर्ण बनाती है और दुनिया भर में भारत की सकारात्मक छवि को बढ़ावा देती है। यह निमंत्रण सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा अवसर होता है, जब आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को करीब से देख पाते हैं। एक बात और कि कभी-कभी यह एक राजनीतिक संकेत भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, किसी विशेष देश को आमंत्रित करना, उस देश के प्रति भारत के समर्थन या प्रशंसा का संकेत हो सकता है।

**कुछ ऐसा था पहले गणतंत्र दिवस का आयोजन**

भारत का पहला गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी के नेशनल स्टेडियम (अब ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम) में आयोजित किया गया था। पहले और 75 साल बाद फिर गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे संबंधों का एक स्पष्ट प्रमाण है।

# धर्म बांटने की नहीं, जोड़ने की जीवन पद्धति है



आज की बात



**ललित गर्ग**

विश्व धर्म दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरुआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए।

प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है।

आज की दुनिया में, जहाँ सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है।

भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, ''आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।'' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है। पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है। इनदिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं। सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है। धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग -एक अरब पचास करोड़ की आबादी में -सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, -दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है? पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

देश की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।

आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## सेवा का समर्पण : दूसरों के कल्याण में खोकर स्वयं को पाना

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

सेवा, यह शब्द अपने आप में इतनी शक्ति रखता है कि इसे करने वाला न केवल दूसरों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है, बल्कि स्वयं के जीवन को भी एक गहरा अर्थ दे सकता है। सेवा केवल कुछ पाने की इच्छा से नहीं होती; यह आत्मिक संतोष और मानवता की सेवा की भावना से प्रेरित होती है। यह एक ऐसा कर्म है जो दिखावे से परे होता है और सच्चे समर्पण की मांग करता है। जब कोई व्यक्ति सेवा करता है, तो वह अपनी व्यक्तिगत सीमाओं को पार कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता है। सेवा का वास्तविक अर्थ है दूसरों के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना। यह केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका दायरा कहीं व्यापक है। किसी भूखे को भोजन देना, किसी बेसहारा को सहारा देना, या किसी उदास चेहरे पर मुस्कान लाना, ये सभी सेवा के अलग-अलग रूप हैं। यह न केवल दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है, बल्कि सेवा करने वाले व्यक्ति को भी मानसिक संतोष प्रदान करती है। यह जीवन को नई दिशा और प्रेरणा देने का काम करती है। सेवा का मतलब यह भी है कि व्यक्ति अपने समय, ऊर्जा और संसाधनों को समाज की भलाई में लगाए।

भगवद्गीता में निष्काम कर्म के महत्व को अनमोल शब्दों में परिभाषित किया गया है। निष्काम कर्म का अर्थ है ऐसा कर्म जो बिना किसी व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा से किया जाए। यह कर्म सेवा के शाश्वत सिद्धांत पर आधारित है। जब कोई व्यक्ति निस्वार्थ भाव से सेवा करता है, तो वह न केवल दूसरों के जीवन में प्रकाश भरता है, बल्कि अपने भीतर के अहंकार और स्वार्थ को भी त्याग देता है। ऐसा निस्वार्थ कर्मी समाज में प्रेरणा का स्तंभ बनकर खड़ा होता है और अपने आदर्शों से अन्य लोगों को भी इसी पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता है। सेवा की यह साधना व्यक्ति को आंतरिक शांति, संतुलन और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव कराती है। यह शांति जीवन के हर पहलू में नई ऊर्जा और उल्लास का संचार करती है, जिससे जीवन एक नए आयाम में परिवर्तित हो जाता है।

आज के समय में, कई बार सेवा दिखावे का माध्यम बन जाती है। सोशल मीडिया पर अपनी दानशीलता को प्रचारित करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, सच्ची सेवा वह है जिसे प्रचार की आवश्यकता नहीं होती। सेवा का असली मकसद दूसरों की मदद करना है, न कि स्वयं की प्रशंसा प्राप्त करना। जब सेवा को केवल दिखावे के लिए किया जाता है, तो इसका असली उद्देश्य कहीं खो जाता है। यह समझना आवश्यक है कि सेवा का मूल्य उसके परिणाम में है, न कि उसकी चर्चा में। सच्ची सेवा का प्रभाव गहरा और स्थायी होता है, जो समाज में स्थिरता और प्रगति को प्रोत्साहित करता है। सेवा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह करने वाले को मानसिक शांति और संतोष प्रदान करती है। इसके अलावा, यह समाज में सकारात्मकता फैलाने का एक साधन भी है। जब एक व्यक्ति दूसरों की मदद करता है, तो वह दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। यह एक श्रृंखला प्रतिक्रिया की तरह काम करता है, जिससे पूरा समाज प्रगति करता है। सेवा न केवल जरूरतमंदों के जीवन को सुधारती है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के बीच सद्भाव और एकता को भी प्रोत्साहित करती है।

शारीरिक सेवा, जैसे वृद्धजनों की मदद करना या किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल करना; मानसिक सेवा, जैसे किसी परेशान व्यक्ति को सांत्वना देना या मार्गदर्शन प्रदान करना; आर्थिक सेवा, जैसे जरूरतमंदों को धन या अन्य संसाधन उपलब्ध कराना; और सामाजिक सेवा, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए कार्य करना, ये सभी सेवा के विभिन्न रूप हैं। सेवा के ये सभी प्रकार समाज को एक मजबूत नींव प्रदान करते हैं और हर व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार दिलाते हैं। सेवा के इन रूपों में सहभागिता करने से समाज में नैतिकता और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। सेवा का असली आनंद तभी आता है जब इसे व्यक्तिगत रूप से अनुभव किया जाए। उदाहरण के लिए, ठंड के मौसम में यदि आप स्वयं अपने हाथों से किसी गरीब को कंबल ओढ़ाते हैं, तो जो संतोष और आनंद मिलता है, वह किसी और माध्यम से संभव नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

दिन तो बाकी है अभी, फिर भी क्यों अंधियार।
किसके हाथों लुट रहा, सूरज का संसार।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती

अलग बात



**डॉ सत्यवान सौरभ**

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग साथ छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घर-परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेगी। यह भी मायने रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपके भविष्य निर्माण में सहायक हो सकता है।

परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दर्शाता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर ज़ोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरुआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। बॉल-टैम्परिंग जैसे मामले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दर्शाते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ के चप्पे चप्पे में मोबाइल चार्जिंग और पावर बैंक की सुविधा उपलब्ध

**एजेंसी महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ में आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर पुण्य की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों की संख्या में लोग महाकुम्भ क्षेत्र में आए, उसमें बहुत से लोग मोबाइल डिस्चार्ज होने की वजह से कनेक्टिविटी का लाभ नहीं ले सके। लेकिन अब इस समस्या का भी विकल्प खोज लिया गया है। इसके लिए मेला क्षेत्र के अन्दर आए बाहर मोबाइल चार्जिंग मशीन लगाई गई हैं जहां पावर बैंक की सुविधा मिलेगी।



### श्रद्धालु कैसे ले सकते है सेवा

इस सेवा का लाभ उठाने के लिए दो तरफ से उपयोगकर्ता लाभ उठा सकते है। ए3 चार्ज कंपनी की सी.ई.ओ अनीशा ठुकराल का कहना है कि जिन स्थानों पर ये चार्जिंग सेंटर बनाए गए है वहां उपयोगकर्ता अपना मोबाइल चार्ज कर सकता है। यहां बैठने की सुविधा भी है। इसके अलावा इन्ही सेंटर्स में आप इनके पावर बैंक भी ले सकते है और इस्तेमाल करने के बाद इन्हें वापस करना होता है। पावर बैंक लेने के लिए उपयोगकर्ता को अपना परिचय और जानकारी सेंटर में देना होता है या अपने मोबाइल से QR कोड स्कैन करना होता हैं जिसके बाद उसे सेंटर से पावर बैंक मिल जाता है। इसे उपयोगकर्ता महाकुम्भ क्षेत्र के अन्दर या बाहर ले जा सकता है और आखिर में उन्हें किसी अन्य स्टेशन पर वापस कर सकते हैं। यह पूर्ण लचीलापन प्रदान करता है, ताकि उपयोगकर्ता बैटरी जीवन के बारे में चिंता किए बिना अपनी कुम्भ विजिट जारी रख सकें।

### अभी तक 14 स्थानों पर लगाई गई हैं ये आधुनिक मशीने

महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन के दौरान मोबाइल चार्जिंग सुविधाओं की पहुँच महत्वपूर्ण हो जाती है। इसे समझते हुए सर्विस प्रोवाइडर ए3 चार्ज एवं एंजेललाइफ ने मोबाइल चार्जिंग मशीनों को प्रयागराज में लगाया हैं जहां उच्च क्षमता के पावर बैंक विज़ीटर लेकर अपने परिजनों और जानने वालों से जुड़ा रह सकता है। श्रृद्धालुओं और पर्यटकों के भीड़भाड़ वाले स्थानों में महाकुम्भ क्षेत्र के अंदर और बाहर ये मशीनें लगाई गई हैं। एंजेल लाइफ कंपनी के सीईओ डॉक्टर शशांक खरबंदा का कहना है कि महाकुम्भ क्षेत्र में 21 स्थानों पर फिलहाल ये सुविधा उपलब्ध होनी है जिसमें अभी तक 14 स्थानों में ये ए3 चार्जिंग सेंटर हैं। मशीनों का इंस्टालेशन यहां हो चुका है। इसमें 7 महाकुंभ क्षेत्र और 7 महाकुम्भ क्षेत्र में बाहर शहर के अन्दर लगाए गए।शहर में जिन स्थानों पर ये सेंट्रल खुल गए हैं उसमें होटल सम्राट सिविल लाइन्स, वीरेंद्र हॉस्पिटल सिविल लाइन्स, रेल कोच रेस्टोरेंट सिविल लाइन्स, कैफे मीकाया सिविल लाइन्स, 32 पर्ल डेंटल क्लिनिक अशोक नगर और उमा शिव रेस्टोरेंट शामिल हैं। इसके अलावा महाकुम्भ नगर में अखाड़ा क्षेत्र में कल्पवासी क्षेत्र में इनके सेंटर खोले गए है। सेक्टर 19 में हर्षवर्धन मार्ग पर, सेक्टर 20 में निर्मोही अखाड़े के निकट, लेटे हनुमान के पास , अक्षय वट रोड में राधा वल्लभ जी के शिविर में और कल्पवासी क्षेत्र में कल्पवास आश्रम में ये सेंटर खुले हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर राहुल स्थालेकर के अनुसार विशेष रुप से महाकुंभ के दौरान वो क्षेत्र जहां भीड़ अधिक रहती है वहां के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं, प्रमुख मंदिरों, परिवहन केंद्रों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के पास ये ए3 चार्ज केंद्र बनाए गए हैं।

## रेलवे की बड़ी उपलब्धि, चिकित्सा शिविर में अब तक 10,000 से अधिक लोगों का हुआ उपचार



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में प्रयागराज आने वाले यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने विशेष तैयारी की है। यहां रेलवे ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने शुक्रवार को आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में रेलवे परिसर में 10,000 से अधिक लोगों का इलाज किया गया, इनमें से करीब 2,500 लोगों की हालत गंभीर थी। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया, "अमृत स्नान वाले दिन जगह-जगह रेलवे के द्वारा चिकित्सा केंद्र बनाए गए थे। 200 ट्रेन रूटीन में चलती हैं। उस दिन 150 स्पेशल ट्रेन चलाई गईं, प्रबंधन बहुत बढ़िया था। स्टेशन पर काफी भीड़ थी लेकिन रेलवे ने अपनी तैयारी से किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं होने दी। रेलवे ने इस आयोजन को ध्यान में रखकर व्यापक स्तर पर तैयारी की थी। एक अमृत स्नान हो चुका है और अब अगले स्नान की तैयारी में सब जुटे हैं। मुख्य अमृत स्नान मौनी अमावस्या के पर्व पर 29 जनवरी को होना है। उन्होंने कहा, "प्रदेश सरकार से हमें बताया गया है कि इस दौरान और अधिक संख्या में श्रद्धालु आ सकते हैं, ऐसे में हम खुद को और ज्यादा तैयार कर रहे हैं। डेढ़ सौ से अधिक स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, इनके अलावा भी स्पेशल ट्रेन चलाई जा सकती हैं। स्वच्छता का भी रेलवे खास ध्यान रख रही है। त्रिपाठी ने विभिन्न अभियानों का जिक्र करते हुए बताया कि "पहले ही हम लोगों ने स्वच्छता को लेकर रैली निकाली थी। साइकिल रैली भी निकाली थी। नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक भी किया। हमने स्टेशन परिसर में नाटक के जरिए लोगों को स्वच्छता की अहमियत बताई, जिसका अच्छा निष्कर्ष भी निकला। लोगों के अंदर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और रेलवे परिसर को गंदा न करने को लेकर अवेयरनेस आई है।"उन्होंने कहा, "रेलवे ने 1,000 से अधिक सफाई कर्मचारियों को रेलवे कोच की सफाई के लिए और करीब 2,000 सफाई कर्मचारियों को रेलवे परिसर की सफाई के लिए तैनात किया है। ये लोग लगातार अपना काम कर रहे हैं। लोगों के सहयोग से भी हमने रेलवे को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।




## महाकुंभ में होगा जेएसएफ का हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में विलय

**एजेंसी। अररिया**

आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में होगा, जिसकी विधिवत घोषणा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरीजी महाराज एवं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी हज़ारों संतो की उपस्थिति में किया जायेगा।मौके पर जूना अखाड़े के मुखिया हरि गिरीजी महाराज द्वारा हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत के मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित कैलेंडर का विमोचन भी किया जाएगा। उक्त बातें फाउंडेशन के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने एक निजी विद्यालय में आयोजित जिला कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष कुमार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए संपूर्ण बिहार से सैकड़ों कार्यकर्ता 24 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। इसके लिए सभी जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत का मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र का निर्माण के पूरे देश मे सनातनियों के बीच जागरूकता चलाने, देश मे शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने,समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, वक्फ बोर्ड व काशी मथुरा सहित सभी धर्मिक स्थलों की मुक्ति हेतु पूजा स्थल कानून की समाप्त करने,धर्मांतरण पर रोक आदि जैसे प्रमुख मांग रहेगा। इसको लेकर आगामी 4 फरवरी से पूरे देश के मंदिरों में साप्ताहिक मंगल मिलन कार्यक्रम के तहत हनुमान चालीसा पाठ कर अधिक से अधिक सनातनियों को संगठित कर मिशन हिन्दू राष्ट्र के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# भाजपा का वादा : महिलाओं को हर माह 2500, सिलेंडर पर 500 सब्सिडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का पहला भाग जारी कर दिया है। संकल्प पत्र में भाजपा ने दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये, गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, होली-दीवाली पर एक-एक सिलेंडर फ्री और हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये देने का वादा किया है। इसके अलावा भी भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कई बड़े वादे किए हैं। भाजपा अध्यक्ष ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मेनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन आप भी भूल जाते थे और राजनीतिक पार्टियां भी भूल जाती थी कि उन्होंने क्या कहा था। लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मेनिफेस्टो 'संकल्प पत्र' में परिवर्तित हो गया है। संकल्प से सिद्धि की ओर जाने का मंत्र भी हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था वो भी करके दिया है। इसलिए एक वाक्य भारत और दिल्ली की जनता के मन में समा गया है कि 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है'। दिल्ली में वर्तमान में चल रही सभी कल्याणकारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने के बाद भी लागू रहेंगी। इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा तथा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें और मजबूत बनाया जाएगा। इसके अलावा, हम भ्रष्टाचार के हर रास्ते को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो आप के नेतृत्व वाली सरकार की पहचान रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमने गरीब कल्याण, सुशासन, गुड गवर्नेंस, महिला सम्मान, विकास, युवाओं और किसानों का सशक्तिकरण और मजदूर वर्ग को मुख्य धारा में लाने को अपना उद्देश्य बनाया और आज मुझे खुशी है कि नीति आयोग के अनुसार 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। दिल्ली में जो जन कल्याण की योजनाएं चल रही हैं, वो सारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी। उन सभी योजनाओं का ज्यादा कारगर तरीके से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और उन्हें भ्रष्टाचार से मुक्त भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 1 लाख 80 हजार फीडबैक हमें मिले हैं। 12 हजार छोटी-बड़ी सभाओं के माध्यम से चर्चा की गई और 41 एलईजी वैन के माध्यम से विचार एकत्र किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सरल और सफल बनाने के लिए हमारी सरकार द्वारा 60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए उनकी सीनियर सिटीजन पेंशन को 2,000 से बढ़ाकर 2,500 कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं की पेंशन 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये कर दिया जाएगा।




### दिल्लीवासियों को आयुष्मान भारत योजना के लाभ मिलेगा

जेपी नड्डा ने आगे कहा कि मैं आप-दा के ट्रैक रिकॉर्ड पर कुछ प्रकाश डालना चाहता हूं। आम आदमी पार्टी ने 2021 में 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। उन्होंने न तो दिल्ली में दिया और न ही पंजाब में दिया। 2024 में, उन्होंने 1,000 रुपये प्रति माह देने का वादा किया। जैसी कि उम्मीद थी, उन्होंने दिल्ली या पंजाब में इसे प्रदान नहीं किया। वे एलपीजी पर सब्सिडी देने में भी विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के संकल्प में इस बात को जोड़ते हैं कि दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रतिमाह 2,500 रुपये हर महिला को दिए जाएंगे। इस योजना को पहली ही कैबिनेट में पारित किया जाएगा। गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। होली और दीवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। मातृ सुरक्षा वंदना को और ताकत देने के लिए 6 पोषण किट दी जाएंगी और हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली में सरकार बनने के बाद हम पहली कैबिनेट मीटिंग में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना को उन 51 लाख लोगों के लिए लागू करेंगे, जो आप सरकार के समय इसके लाभ से वंचित रह गए थे। साथ ही, हम 5 लाख रुपये का अतिरिक्त कवर भी देंगे। यानी कुल 10 लाख रुपये का हेल्थ कवर दिल्लीवासियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलेगा। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी का मोहल्ला क्लीनिक भ्रष्टाचार का अड्डा और लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाला कार्यक्रम है। इनके मोहल्ला क्लीनिक में फ्रॉड लैब टेस्ट हुए हैं और 300 करोड़ रुपये का स्कैम हुआ है। हमारी सरकार आने पर इन सबकी पूरी तरह से जांच की जाएगी।



## महाकुंभ 2025: अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट 1.5 लाख श्रृद्धालुओं को घुमाएगी 1 लाख किलोमीटर

**एजेंसी महाकुम्भ नगर**

कुंभ मेला पूरे जोरशोर से देश और दुनियाभर से श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के तौर पर जाना जाता हैं। यहां पर महाकुंभ के दौरान देश और दुनियाभर से करोड़ों लोग पवित्र संगम में स्नान करने पहुंचते हैं। ऐसे में कई बिजनेस ग्रुप कुंभ मेले में पधारे श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक ग्रुप है अदाणी ग्रुप, यह समूह अपनी कई निशुल्क सेवाओं के जरिए श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा लाखों श्रृद्धालुओं को लाखों किलोमीटर की यात्रा कराने की तरफ बढ़ रही है। बता दें कि अदाणी समूह द्वारा महाकुंभ 2025 में दिव्यांगों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को स्नान ध्यान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने में भी सहूलियत हो रही है।

## मुजफ्फरपुर में आग से आधा दर्जन घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र के भरथुआ पंचायत स्थित अलीनगर बांध के किनारे गुरुवार देर रात आग लगने से तकरीबन आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाया।बताया गया है कि मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र के भरथुआ पंचायत स्थित अलीनगर बांध के किनारे देर रात एक घर में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग कई घरों तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने आधा दर्जन घरों को जलाकर राख कर दिया। आग इतनी भयावह थी कि लोग घर से एक भी सामान बाहर नहीं निकाल पाए। मामले में पीड़ित परिवार के मुखिया दहाडु साहू ने कहा कि करीब 32,500 रुपये नकदी, एक मोटरसाइकिल, 75 फिट पाइप और खाद्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। उन्होंने कहा कि घटना आधी रात 12 से एक बजे के बीच की है। इस वक्त सभी लोग सो रहे थे। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक घर के तमाम सामान जलकर राख हो गए।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## सुप्रीम कोर्ट से पीएफआई के पूर्व अध्यक्ष अबूबकर को झटका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व अध्यक्ष ई. अबूबकर को आतंकवाद विरोधी कानून (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में मेडिकल आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया।

अबूबकर के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि इस समय अबू बकर को जमानत नहीं दी जा सकती।

साथ ही खंडपीठ ने अबू बकर के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें वैकल्पिक तौर पर उन्हें घर पर नजरबंद करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा कि यदि आगे तबियत खराब होती है तो वह निचली अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अबू बकर को 2022 में संगठन पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया था। तभी से वो जेल में बंद हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने मेडिकल आधार पर दायर उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक, पीएफआई, उसके पदाधिकारियों और सदस्यों ने देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी वारदातों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने की आपराधिक साजिश रची है और इस उद्देश्य के लिए अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए शिविर आयोजित कर रहे थे। गौरतलब है कि अबू बकर ने हाईकोर्ट में अपनी दायर याचिका में तर्क दिया था कि यूएपीए के तहत उनके खिलाफ एनआईए के मामले का समर्थन करने के लिए कोई सामग्री नहीं है। इसलिए वह जमानत के हकदार हैं। याचिका में यह भी दावा किया था कि वह 70 वर्ष के हैं, उन्हें पार्किंसंस रोग है और कैंसर के इलाज के लिए उनकी सर्जरी भी हो चुकी है। हालांकि, कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।




## केजरीवाल ने छात्रों के लिए की घोषणा, सरकार बनते ही बस में सफर रहेगा फ्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और चुनावी घोषणा कर दी है। इसके जरिए उन्होंने दिल्ली के छात्रों को साधने की कोशिश की है। अरविंद केजरीवाल की घोषणा के मुताबिक अब सरकार बनने के बाद दिल्ली की बसों में छात्रों को फ्री यात्रा का लाभ मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने इसके साथ-साथ मेट्रो में भी छात्रों को 50 प्रतिशत किराए में छूट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि "पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे देश।" उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत गरीब लोग हैं, गरीब बच्चे हैं जिनकी शिक्षा इस वजह से छूट जाती है क्योंकि उनके पास स्कूल, कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होते। उन्होंने कहा कि "एक सबसे बड़ा ऐलान आज मैं यह कर रहा हूं कि हमारी सरकार बनने पर स्टूडेंट्स को भी बस में सफर फ्री दिया जाएगा। अभी महिलाओं को तो फ्री बस का सफर है। तो जो फीमेल स्टूडेंट्स हैं, उनको तो इसका फायदा मिलता है लेकिन मेल स्टूडेंट्स को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर हम देखते हैं कि अधिकतर स्टूडेंट्स मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है और मेट्रो बहुत महंगी हो गई है। मेट्रो का किराए वहन करने में स्टूडेंट्स को बहुत तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का 50-50 वेंचर्स है। प्रॉफिट होता है तो 50-50 शेयर होता है। लॉस होता है तो 50-50 शेयर होता है। जितना कैपिटल इन्वेस्टमेंट होता है वह भी 50-50 शेयर होता है। उन्होंने कहा, "मैंने आज प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी है कि हमें स्टूडेंट्स को 50 प्रतिशत कंसेशन देना चाहिए।



## नवादा में पुलिसकर्मी के घर से 15 लाख रुपए की जेवरात व सामानों की चोरी

**नवादा।** नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव में रिटायर पुलिसकर्मी के घर में चोरी की घटना हुई है। चोरी की जानकारी शुक्रवार को मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की है। हवलदार पद से रिटायर श्रवण कुमार ने बताया कि 13 जनवरी को पूरा परिवार मकर संक्रांति का पर्व मनाने के लिए घर से बाहर चला गया था और इसी दौरान चोरों ने घर को अकेला पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के किराएदार जब शुक्रवार को पहुंचे तो उन्होंने फोन करके बताया कि घर में ताला टूटा हुआ है। इसके बाद पूरा परिवार आकर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में सोना, चांदी सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। श्रवण कुमार ने बताया है कि 2 मार्च को उनकी पोती की शादी है और इसके लिए उन्होंने सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान की खरीदारी की थी। सभी सामान घर पर ही रखे थे, चोरी की घटना को अंजाम देकर घर खाली कर दिया गया है।

# नाओमी ओसाका के चोटिल होने के कारण बेलिंडा बेनसिक ने चौथे दौर में प्रवेश किया

**मेलबर्न (आईएएनएस)**

पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका के चोटिल होने के कारण तीसरे दौर के मैच से रिटायर होने के बाद बेलिंडा बेनसिक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया। ओसाका के हटने से पहले बेनसिक ने पहला सेट 7-6 (3) से जीता। अपनी बेटी बेला को जन्म देने के बाद से अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही 27 वर्षीय बेनसिक 2023 यूएस ओपन के बाद से किसी मेजर में अपने पहले राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं। कोर्ट से बाहर निकलने से पहले, बेनसिक ने कैमरे के सामने एक भावपूर्ण संदेश लिखाः "जल्दी ठीक हो जाओ, मां। 2016 ओलंपिक चैंपियन का सामना चौथे दौर में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ या लेयला फर्नांडीज से होगा, क्योंकि वह 2021 यूएस ओपन के बाद से अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। 2022 मियामी ओपन के बाद से अपनी पहली भिड़ंत में, ओसाका ने मजबूत शुरुआत की, शुरुआती सेट में 5-3 की बढ़त बनाई। हालांकि, उसने स्पष्ट असुविधा को संभालने के लिए अपनी सर्विस मोशन को बदलना शुरू कर दिया। ओसाका द्वारा मेडिकल टाइमआउट लेने से पहले बेनकिक ने ब्रेक बैक किया और सर्विस को बनाए रखा। इसके बाद बेनकिक ने एक शांत टाईब्रेक खेला, 57 मिनट के बाद इसे 7-3 से जीत लिया। ओसाका, जो स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रही थी, रिटायर होने का फैसला करने से पहले अपनी कुर्सी पर चली गई। जापानी स्टार ने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक के फाइनल में पहुंचकर अपने 2025 सीज़न की शुरुआत की थी।



## ऑस्ट्रेलिया ओपन: बोपन्ना, झांग मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी चीनी जोड़ीदार शुआई झांग ने शुक्रवार को इवान डोडिग और क्रिस्टीना म्लादेनोविच को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और झांग ने एक घंटे 12 मिनट में मैच समाप्त किया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के ह्यूगो निस तथा वाइल्ड कार्ड ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैडिसन इंगलिस और जेसन कुबेर



के बीच होने वाले मैच के विजेताओं से होगा। इंडो-चीनी जोड़ी ने मैच की शुरुआत दमदार प्रदर्शन के साथ की और पहले सेट में 3-0 की बढ़त हासिल की। क्रोएशियाई डोडिग और फ्रांसीसी महिला म्लादेनोविच द्वारा झांग की सर्विस तोड़ने के बावजूद, जिससे स्कोर 3-2 हो गया, बोपन्ना ने दबाव में संयम बनाए रखा और अंततः 6-4 से सेट जीत लिया। इसके बाद झांग/बोपन्ना ने आखिरी समय में चुनौती का सामना किया और 8वें गेम में ब्रेक पॉइंट बचाते हुए दूसरा सेट 6-4 से जीत लिया। पुरुष युगल प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होने वाले बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचे थे।

## राष्ट्रपति ने डी गुकेश, हरमनप्रीत और मनु भाकर को प्रदान किया 'खेल रत्न'







**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में खेल और साहसिक पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, पेरिस में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर और पैरा-एथलीट प्रवीण कुमार को राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को आयोजित खेल पुरस्कार समारोह में देश के सर्वोच्च मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं सुभाष राणा को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया , दीपाली देशपांडे को शूटिंग में असाधारण कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉकी कोच संदीप सांगवान को भारतीय हॉकी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुभाष राणा को उनकी असाधारण कोचिंग और पैरा-शूटिंग की अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में एथलीटों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया।



## अल्काराज धमाकेदार प्रदर्शन के साथ चौथे दौर में

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन से शीर्ष 11 में से पांच खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शुक्रवार को मेलबर्न के मैदान में आगे बढ़ना जारी रखा। इस पखवाड़े पहली बार रॉड लेवर एरिना में खेलते हुए, स्पैनियार्ड ने टूर्नामेंट का अपना पहला सेट गंवाने के बावजूद नूनो बोर्गेस को 6-2, 6-4, 6-7(3), 6-2 से हराया। अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, "मुझे रॉड लेवर की कमी खली। मैं यहां एक बार फिर खेलकर वाकई बहुत खुश हूँ। मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस दिखाने की कोशिश की। मेरे लिए, हर बार जब मैं इस कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे लिए खुशी की बात होती है... पिछली बार जब मैंने यहां खेला था तो मैं (2024 के क्वार्टर फ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज़ेवरेव से) हार गया था, इसलिए मैं वास्तव में यहां खेलना चाहता था और रॉड लेवर में एक और जीत हासिल करना चाहता था।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन: सबालेंका ने टॉसन को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** विश्व की नंबर एक और दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में तीसरे दौर के मैच में डेनमार्क की 42वीं रैंकिंग वाली क्लारा टॉसन को 7-6 (5), 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सबालेंका पहले सेट में 5-3 से पीछे थी, इससे पहले बेलारूसी ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 टॉसन को 2 घंटे और 6 मिनट में हराया।



## तेनजिंग नोर्गे पुरस्कार पाकर 'अचंभित' हैं पर्वतारोही उदय कुमार



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर कटे पैर के बावजूद चढ़ने वाले पर्वतारोही उदय कुमार ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में उन्हें तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार दिए जाने पर वे अचंभित हैं। ट्रेन दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले उदय ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में केतुक मिशन का हिस्सा थे और उन्होंने किलिमंजारो की 19341 फुट की ऊंचाई पर पहुंचकर वहां भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उदय ने 'आईएएनएस' से कहा, "मैं यहां आकर आश्चर्यचकित महसूस कर रहा हूं। दुर्घटना के बाद मेरे दिमाग में बस यही चल रहा था कि जो हुआ वह अच्छा था, जो हो रहा है वह अच्छा है और जो होगा वह और भी बेहतर होगा। आज मैं बिल्कुल यही महसूस कर रहा हूं। दुर्घटना में भले ही मेरा पैर कट गया हो, लेकिन कोई समस्या नहीं है। भगवान ने मुझे जो हिम्मत दी है..।" उदय ने कहा, "मुझे नहीं पता कि नारायण (भगवान) किस रूप में आएंगे, लेकिन मेरे नारायण (ग्रुप कैप्टन जय किशन) मेरे साथ हैं। उन्होंने हर पल मुझे प्रेरित किया है और वह सब कुछ दिया है जिसकी वजह से मैं एक बेहतरीन पर्वतारोही बनने की कगार पर पहुंच पाया हूं। माउंट किलिमंजारो अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है और दुनिया का सबसे ऊंचा एकल स्वतंत्र पर्वत है। 2022 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू करने वाले उदय ने कहा, "19,341 फीट की ऊंचाई पर हमने किलिमंजारो पर 7,800 वर्ग फीट का तिरंगा फहराया।

# बीसीसीआई ने जारी किए कठोर नियम पालन ना करने हो सकता है आईपीएल बैन

**मुंबई (आईएएनएस)**

टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई ने एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए 10 बिंदुओं का एक गाइडलाइन डॉक्यूमेंट जारी किया है। इसका पालन ना करने पर बीसीसीआई ना सिर्फ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है, बल्कि उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ख़त्म करते हुए उन पर आईपीएल और घरेलू क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध भी लगा सकता है। 'पालिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया ' नामक यह डॉक्यूमेंट गुरूवार को खिलाड़ियों को भेजा गया, जिसमें




पिछले सप्ताह हुई रिव्यू मीटिंग के सलाह शामिल हैं। यह मीटिंग न्यूज़ीलैंड सीरीज़ और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में मिली करारी हार के बाद बुलाई गयी थी, जिसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर सहित बीसीसीआई के नए सचिव बने देवजीत सैकिया ने भी हिस्सा लिया था। दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे मीटिंग में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल ख़राब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या ट्रेनिंग के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी।

## भारत दौरे के लिए साकिब महमूद को मिला वीजा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ साक़िब महमूद को भारत दौरे के लिए अंततः वीज़ा मिल गया है। अब वह शुक्रवार को अपनी टीम के साथ कोलकाता की यात्रा कर सकेंगे, जहां बुधवार को पहला टी 20 होना है। पाकिस्तानी मूल के महमूद के वीज़ा में देरी हो रही थी, जिसके कारण वह यूएई में लगे टीम के ट्रेनिंग कैंप का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि टीम के अन्य सदस्यों आदिल राशिद और रेहान अहमद को जल्दी ही वीज़ा मिल गया था। 2019 में जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत के दौरे पर थी, तब भी महमूद को ऐसी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। 2024 में जब लंकाशायर की टीम एक प्री-सीज़न कैंप के लिए भारत में थी।

## गार्डनर के पहले वनडे शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया 86 रन की जीत के साथ महिला एशेज को बरकरार रखने के करीब

**होबार्ट (आईएएनएस)**

एश्ले गार्डनर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना पहला वनडे शतक लगाया, जिससे मेजबान टीम ने इंग्लैंड को 86 रन से हराकर महिला एशेज के वनडे चरण में क्लीन स्वीप किया और ट्रॉफी को बरकरार रखने के करीब पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया 59/4 पर मुश्किल में था, लेकिन एश्ले ने 102 रन प्रति गेंद की पारी खेलकर मैच का रुख पलट दिया, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका पहला शतक था। बेथ मूनी (50), ताहलिया मैकग्रा (55) और जॉर्जिया वेयरहम (12 गेंदों पर 38 रन) ने उनका अच्छा साथ दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 308/8 का स्कोर बनाया। एश्ले ने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद मैदान



में एक शानदार कैच पकड़ा - गेंद को हवा में उछालने से पहले उन्होंने एक हाथ से अपने सिर के ऊपर से कैच लिया और सोफी एक्लेस्टोन को आउट करने के लिए डाइव लगाते हुए कैच पूरा किया। जवाब में, टैमी ब्यूमोंट (54) और नैट साइवर-ब्रंट (61) ने इंग्लैंड का नेतृत्व किया, लेकिन बढ़त हासिल करने के प्रयास में, मेहमान टीम बिखर गई और 42.2 ओवर में 222 रन पर आउट हो गई। लेग स्पिनर अलाना किंग ने 5-46 विकेट लिए, जबकि मेगन शट्ट (3-57) और जॉर्जिया वेयरहम (2-27) ने उनका अच्छा साथ दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम लड़खड़ा गई क्योंकि इंग्लैंड ने फोबे लिचफील्ड, एलिस पेरी और एलिसा हीली को आउट कर दिया और मेजबान टीम का स्कोर 46/3 हो गया। एनाबेल सदरलैंड के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 59/4 हो गया, एश्ले ने बचाव कार्य किया। पहले गेम में नाबाद 42 रन बनाने के बाद, एश्ले ने एक बार फिर उम्मीदों पर खरा उतरते हुए बेथ के साथ मिलकर क्लीन और आक्रामक शॉट खेलते हुए वापसी की।



# 2025 की शुरुआत में न्यू-एज स्टॉक्स का बुरा हाल फर्स्टक्राई से लेकर जोमैटो तक के शेयरों में हुई गिरावट

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का दौर देखा जा रहा है। इसमें न्यू-एज स्टॉक्स में भी काफी बिकवाली देखने को मिल रही है। इस लिस्ट में फर्स्टक्राई से लेकर जोमैटो तक के शेयर शामिल हैं। फर्स्टक्राई का शेयर इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक (17 जनवरी) 24.82 प्रतिशत गिर गया है। फिलहाल शेयर 489 रुपये पर है।

इसके बाद मोबिक्विक का नाम है। जनवरी की शुरुआत से 17 जनवरी तक शेयर की कीमत 23.07 प्रतिशत कम होकर 456 रुपये हो गई। फिनटेक कंपनी मोबिक्विक की लिस्टिंग दिसंबर 2024 में हुई थी। लिस्टिंग के बाद शेयर में बड़ी तेजी देखी गई और इसने 698.30 रुपये प्रति शेयर का हाई बनाया था। इंश्योरेंस डिस्ट्रीब्यूशन करने वाली वाली पीबी फिनटेक के शेयर में 1 जनवरी से लेकर 17 जनवरी के बीच 18.71 प्रतिशत की गिरावट हुई है और शेयर 1724 रुपये पर



बना हुआ है। इक्विसगो के शेयर की कीमत इस महीने में अब तक 20.63 प्रतिशत की गिरकर 142 रुपये हो गई है। इसके अलावा न्यू-एज इंश्योरेंस कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के शेयर में जनवरी के शुरुआत से अब तक 11.76 प्रतिशत की गिरावट हुई है और शेयर की कीमत 288 रुपये हो गई है। फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी जोमैटो और स्विगी के शेयर जनवरी की शुरुआत से अब तक क्रमशः 10.38 प्रतिशत और 12.75 प्रतिशत गिरकर 247 रुपये और 473 रुपये पर आ गए हैं। दिग्गज फिनटेक कंपनी पेटीएम के शेयर में भी जनवरी की शुरुआत से अब तक 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, आईटी शेयरों में हुई बिकवाली

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बड़ी बिकवाली देखने को मिली। बाजार के सभी बड़े सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 423.49 अंक या 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,619.33 और निफ्टी 108.60 अंक या 0.47 प्रतिशत फिसलकर 23,203.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 54,607.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 17,672.05 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, प्राइवेट बैंक और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में और फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए थे। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एलएंडटी, आईटीसी, सनफार्मा, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, मारुति सुजुकी और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। वहीं, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,054 शेयर हरे निशान में, 1,888 शेयर लाल निशान में और 123 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे ने कहा कि निफ्टी पर पूरे कारोबारी सत्र में दबाव देखा गया। बाजार का सेंटीमेंट कमजोर बना हुआ है। इंडेक्स 23,400 के नीचे बना हुआ है और गिरावट की स्थिति में 23,000 एक मजबूत सपोर्ट है। अगर यह टूटता है तो बाजार में बड़ा करेक्शन देखने को मिल सकता है। सुबह करीब 9.30 बजे सेंसेक्स 325.79 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,717.03 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 86.80 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,225 पर कारोबार कर रहा था।

## केंद्र ने स्थानीय केबल ऑपरेटर के पंजीकरण, रिन्यू प्रोसेस को आसान करने के लिए संशोधनों का किया ऐलान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने स्थानीय केबल ऑपरेटर (एलसीओ) के लिए पंजीकरण



प्रक्रिया को सरल बनाने और व्यापार में आसानी सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में प्रमुख संशोधन की घोषणा की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलसीओ पंजीकरण अब पूरी तरह से ऑनलाइन होगा और मंत्रालय स्वयं ही उनका पंजीकरण प्राधिकारी होगा। बयान में आगे कहा गया कि एलसीओ के लिए आवेदन में दी गई जानकारी जैसे आधार, पैन, सीआईएन और डीआईएन का वेरिफिकेशन होने के बाद रियल टाइम में पंजीकरण सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा। एलसीओ पंजीकरण अब पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रदान या रिन्यू किए जाएंगे। नये दिशा-निर्देशों में एलसीओ पंजीकरण के लिए पंजीकरण या रिन्यू से इनकार करने के खिलाफ अपील का प्रावधान भी जोड़ा गया है। इससे पहले एलसीओ पंजीकरण प्रोसेस उस क्षेत्र के स्थानीय प्रधान डाकघर में ऑफलाइन मोड में किया जाता था, जिसमें एलसीओ का कार्यालय स्थित होता था और प्रधान डाकपाल उस एलसीओ के लिए पंजीकरण प्राधिकारी के रूप में काम कर करता था। मैन्युअल पंजीकरण प्रक्रिया अधिक समय लेने वाली थी। साथ ही पंजीकरण प्राप्त करने पर परिचालन का एरिया कुछ विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित था। मंत्रालय ने कहा, "पंजीकरण या रिन्यू के लिए प्रोसेसिंग शुल्क 5,000 रुपये है और पंजीकरण रिन्यू के लिए आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से कम से कम 90 दिन पहले किया जाएगा।

## अप्रैल-दिसंबर में भारत का खाद्य वस्तुओं का निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 17.8 बिलियन डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान भारत के एग्रीकल्चर और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई, जो 17.77 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के लेटेस्ट आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में चावल का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6.44 बिलियन डॉलर की तुलना में 19 प्रतिशत से अधिक की तीव्र वृद्धि के साथ 8.72 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। चावल का निर्यात दिसंबर 2023 में 0.87 बिलियन डॉलर से 64.03 प्रतिशत बढ़कर दिसंबर 2024 में 1.43 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। निर्यातकों को उम्मीद है कि मजबूत वैश्विक मांग के कारण 2024-25 के लिए चावल का निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। वित्त वर्ष 2024 में भारत



ने 10.41 बिलियन डॉलर का चावल भेजा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की गिरावट थी। घरेलू बाजार में अनाज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा था, ताकि बढ़ती मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया जा सके, जो घरेलू बजट पर दबाव डाल रही थी। भैंस के मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात अप्रैल-दिसंबर के दौरान सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 3.64 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की समान अवधि में यह 3.3 बिलियन डॉलर था। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में ताजे फलों और सब्जियों का निर्यात 5 प्रतिशत बढ़कर 2.65 बिलियन डॉलर हो गया और अनाज की तैयारी 10 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.03 बिलियन डॉलर हो गई।

# भारत विश्व में विविधता में एकता का अद्वितीय व उत्कृष्ट उदाहरण : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को उत्तराखंड से युवा संगम कार्यक्रम के तहत झारखंड की यात्रा पर आए युवाओं के साथ राज भवन में संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत पूरे विश्व में विविधता में एकता का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तराखंड के युवाओं का यह दल पांच दिवसीय यात्रा पर यहां आया है।



राज्यपाल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। साथ ही लोकसभा सदस्य के रूप में इनके गठन के पक्ष में उन्होंने अपना मत दिया था। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड अपनी खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा वैद्यनाथ समेत कई मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

राज्यपाल ने आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के जरिये इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहां की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल संस्थान आईआईटी रुड़की है। साथ ही कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान का व्यक्तिगत रूप से उनका जुड़ाव भी है। राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उत्तराखंड से आए हुए युवाओं ने राज्य के संदर्भ में अपना विचार रखा।

# जेईई मेन एग्जाम को लेकर निषेधाज्ञा जारी

- *परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा*
- *अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर द्वारा जारी की गई निषेधाज्ञा*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित (जेईई मेन) एग्जाम 22, 23, 24, 28, 29 एवं 30 जनवरी को प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे संध्या 06 बजे अपराह्न तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित है।

इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा इठरर की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 300 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना। परीक्षा केन्द्रों के 300 मीटर की परिधि में साईबर कैफे, फोटो कॉपी एवं प्रिटिंग की दुकानें परीक्षा के दिनों में बंद रखना सुनिश्चित करेंगे। किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)। किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

# एसीएस का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

## जनजातीय भाषाओं का किया जाए संरक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर राज्य के 5वीं अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण, शिक्षण और भाषा शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखीं। झारखंड की मूल भाषाएं–कुड़ुख, मुंडारी, संथाली, खड़िया, हो और मलतो–आज बाहरी भाषाओं के बढ़ते प्रभाव से संकट में हैं। इन भाषाओं को शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य करने और उनकी पढ़ाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में एसीएस अध्यक्ष सुशील उरांव, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, डीएसपीएमयू अध्यक्ष विवेक तिर्की, उपसचिव पायल बांड़ो, सचिव अमित तिग्गा, नितेश टोप्पो और अन्य सदस्य शामिल थे। शिक्षा मंत्री और विवि प्रशासन ने माँगों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। एसीएस ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन किया जाएगा।

# दो लाख का इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर गिरफ्तार

## 51 मामलों में चल रहा था फरार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक कारबाईन, एक पिस्टल मैगजीन सहित, 11 गोलियां, एक मोबाइल और तीन कंबल बरामद किया गया है।



डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो लाख के इनामी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं। इससे पहले साल 2021 में भी रांची पुलिस ने कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद लातेहार पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेकर बालूमाथ थाना के हाजत में रखा था। वह 23 मार्च, 2021 की सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। साथ ही एक के बाद एक हत्या, गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते आ रहा था।

डीआईजी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा यादव अपने दस्ता सदस्यों के साथ लोहदगा जिले के कुडू के धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी लेकिन कुछ देर पूर्व ही वहां से कृष्णा यादव जा चुका था। आगे सूचना मिली कि वह अपने सदस्यों के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटा पहाड़ से हरहु बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के पास जंगल में दो अन्य दस्ता सदस्यों के साथ छुपा है और किसी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने जंगली क्षेत्र का घेराबंदी कर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटांड़ जंगल में स्थित क्षतिग्रस्त मकान में काले रंग के बैग में छिपाकर रखा हुआ हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया।

डीआईजी के मुताबिक, कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि यह प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन से वर्ष 2014 से जुड़ा है तथा वर्तमान में जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी का सदस्य है। वह क्षेत्र के जमीन कारोबारियों, क्रसर मालिकों, ईंट-भट्ठा मालिकों तथा विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम की मांग करता था। साथ ही रकम नहीं देने पर कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ जाकर आगजनी, तोड़फोड़ एवं फायरिंग तथा हत्या तक की घटना को अंजाम देता है।

नक्सली ने बताया कि कुछ और हथियार नकटा पहाड़ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा के बीच जंगल में बने नाले के पास छिपाकर रखा है। इसी क्षेत्र में उसके दस्ता सदस्य भी रहते हैं। उसके बताए अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस बल उसे साथ लेकर पैदल तलाशी एवं छापेमारी अभियान चला रही थी कि इस बीच में पुलिस को धक्का देते हुए रस्सा छुड़ाकर भागने लगा। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गया। पुलिस उसे पकड़कर रिम्स रांची में भर्ती कराया है, जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है।

# एम्स में कड़िया मुंडा से मिले संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एम्स हॉस्पिटल मे खूंटी के सांसद सह लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। श्री सेठ ने बताया कि अभी उनके स्वास्थ्य में सुधार है। उन्होंने एम्स के डॉक्टर से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं डॉक्टर से उनका उचित इलाज करने को कहा। मिलने वालों में रांची महानगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता नंदू अरोड़ा भी साथ रहे।



# भाजपा नेता ने केंद्र सरकार के प्रति प्रकट किया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी प्रदान करने के लिए मोदी सरकार के प्रति आभार जताया है। भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इससे कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। यह 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। देखना यह है कि आयोग सही समय पर रिपोर्ट पेश करता है, या नहीं! आशा है कि आयोग द्वारा सही समय पर ही रिपोर्ट पेश किया जाएगा। कहा कि आयोग की सिफारिश लागू होने पर झारखंड में कार्यरत 21हजार केंद्रीय कर्मियों समेत देशभर में सेवारत 45 लाख और सेवानिवृत्ति 68 लाख यानी कुल 1 करोड़ 13 लाख केंद्रीयकर्मियों को लाभ मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि वेतन आयोग हर 10 वर्ष में लागू किया जाता है। सातवें वेतन आयोग का गठन वर्ष 2014 में किया गया था। और इसकी सिफारिश 1 जनवरी 2016 से लागू हुई थी।



# प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी आज

**रांची।** प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी/कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। मेले में रांची सहित अन्य जिलों से किसान शामिल होंगे वहीं विभाग के स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले के माध्यम से किसानों को खेती की नई तकनीक की जानकारी कृषि विशेषज्ञ द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की होंगी। कार्यक्रम शहीद वीर बुद्धू भगत का जन्म स्थल, ग्राम-सिलागाईं, चान्हो में दिन के 12 बजे से होगा।

## कांग्रेस कार्यालय में मना अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती

# राय के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : केशव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती प्रदेश कांग्रेस भवन में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केशव महतो कमलेश ने पाण्डेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। देश को आजाद कराने में इनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटानागपुर पठार में एक उंचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल 1858 को फांसी दी गयी। अंग्रेजों ने जब छल-बल से छोटानागपुर पर कब्जा करने की कोशिश की तो गणपत राय ने विरोध की पृष्ठभूमि तैयार की। इस अवसर पर मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, गजेन्द्र सिंह, रियाज अंसारी, राजन वर्मा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, शान्तनू मिश्रा, अजहर पप्पु, सुरेन राम, महेन्द्र मिश्रा, शमशेर आलम, मदन कुमार महतो, हुसैन खान, प्रभात कुमार, योगेन्द्र सिंह बेनी, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजू राम, राजीव नारायण प्रसाद, दामोदर बाल्मिकी, समुदर गुप्ता, जगरन्नाथ साहु, शहजादा, रामानंद केशरी आदि कंग्रेसजन शामिल थे।

# डॉ लंबोदर ने सलीमा टेटे को दी बधाई




**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सलीमा टेटे की उपलब्धि से हमें बहुत गर्व है। यह पुरस्कार न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का पल है। हमें उम्मीद है कि यह पुरस्कार उन्हें और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा।

## कांग्रेस भवन में नगर निकाय चुनाव के लिए हुई बैठक

# नगर निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव की महत्ता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस पूरी संजीदगी के साथ निकाय चुनाव की तैयारी में लग गई है। इस बाबत शुक्रवार को कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रमुख कांग्रेस जनों की बैठक नगर निकाय चुनाव को लेकर सपन्न हुई। नगर निकाय चुनाव राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए सार्थक होती है जहां गांव की सरकार, गांवों में विकासोन्मुख होकर काम करती है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर निकाय चुनाव की सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा 11 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति एवं नगर निगम क्षेत्र के लिए 09 सदस्यीय समिति एवं नगर परिषद के लिए 05 और नगर पंचायत के लिए 05 सदस्यीय समिति का गठन अवलिंब किया जाएगा और इसके दो-दो पर्यवेक्षक प्रत्येक नगर निगम, प्रत्येक नगर परिषद् और प्रत्येक नगर पंचायत के लिए बनाया जायेगा, जो उक्त क्षेत्रों में जाकर प्रत्याशी चयन, बूथ कमिटी, वार्ड कमिटी, पंचायत कमिटी की महत्ता को देखकर वहां के स्थानीय लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का काम करेंगे ताकि उक्त चुनाव में कांग्रेस अधिक से अधिक अपनी जीत की भागीदारी सुनिश्चित करे। बैठक में केएन त्रिपाठी, रवीन्द्र सिंह, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, बिनय सिन्हा दीपू, राजन वर्मा, आलोक दूबे, शांतनु मिश्रा, डॉ0 राजेश गुप्ता छोटू, गजेन्द्र सिंह, जगदीश साहू, शमशेर आलम धनबाद, मो. रियाज, महेन्द्र मिश्रा, पप्पू अजहर, जमील अख्तर, नगेन्द्र प्रसाद, कुशवाहा राकेश महतो सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।



# सुझावों को प्राथमिकता के साथ बजट में शामिल किया जाएगा : वित्त मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार अबुआ बजट 2025-26 झारखंड के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। इस बजट का मुख्य उद्देश्य झारखंड के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों और हर झारखंडवासियों की समस्याओं का समाधान कर उनके चेहरे पर खुशहाली लाना है। वे शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में बजट पूर्व गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता के साथ बजट में शामिल किया जाएगा, ताकि झारखंड राज्य आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके।



**डीजल की कीमत में कमी लाने के भी सुझाव :** वित्त मंत्री ने बताया कि अब तक जो विभिन्न सुझाव आए हैं उनमें यह भी शामिल है कि डीजल की कीमतों को कम किया जा सकता है और उत्तर प्रदेश के बराबर लाया जा सकता है। जिससे मांग बढ़ेगी और राजस्व में वृद्धि होगी। राज्य के आंतरिक संसाधनों के माध्यम से बिजली संयंत्र स्थापित करने के विकल्प पर भी चर्चा की गई। ऊर्जा विभाग राज्य में पिक लोड मांगों को पूरा करने के लिए औसतन 600 करोड़ रुपये प्रति माह का भुगतान कर रहा है। बिजली की डिमांड 2900 मेगावाट है।

**उत्पाद विभाग के राजस्व बढ़ाने पर जोर :** वित्त मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को उत्पाद शुल्क विभाग के तहत लक्ष्यों पर फिर से विचार करने के लिए भी कहा गया, जो वर्तमान में इस वित्तीय वर्ष के लिए 2700 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य सालाना 8,000 रुपये कमा रहे हैं, जबकि हरियाणा उत्पाद शुल्क से सालाना 5,000 करोड़ रुपये से अधिक कमाता है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चूंकि 'महुआ' का सेवन स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में किया जाता है, इसलिए गोवा जैसे स्थानों पर विभाग विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाश सकता है ताकि लोगों को अधिक परिष्कृत महुआ पेय उपलब्ध कराया जा सके और इससे मदद भी मिलेगी।

**अफसरों के साथ विशेषज्ञों ने भी अपनी बात रखी :** संगोष्ठी में राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और आगामी बजट के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। पहले सत्र में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, ऊर्जा, परिवहन, वाणिज्य-कर, उत्पाद एवं मद्य निषेद, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और आगामी बजट के प्रावधानों पर चर्चा की। दूसरे सत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभागों ने अपनी योजनाओं और प्रस्तावों पर विचार प्रस्तुत किए।

## पृष्ठ एक के शेष

**सहायक शिक्षक नियुक्ति...**

की। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल, अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल साबू ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट के इस फैसले से सहायक शिक्षक नियुक्ति में शामिल पारा शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है।

**रेलवे कर्मचारी की ट्रेन...**

के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अभिषेक कुमार ने रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में 2019 से सेवा दी थी। उनकी नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान यह हादसा हुआ, जिससे रेलवे कर्मचारियों के बीच शोक का माहौल है।

**झारखंड की बेटी सलीमा...**

रहने वाली हैं, वो भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। बता दें कि सलीमा टेटे समेत 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड पिछले चार साल की अवधि में बेहतर प्रदर्शन, खेल कौश और अनुशासन की भावना के लिए दिया जाता है। सलीमा को अर्जुन अवार्ड मिलने से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बता दें कि वर्ष 2016 में सलीमा टेटे का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हुआ था। उसके बाद से लगातार वो आगे बढ़ती रही। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले बड़की छापर गांव की निवासी है। उनके पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।

**फॉल में नहा रहे तीन...**

जुटी पुलिस को जानकारी मिली है कि तीनों छात्र रांची के हेहल और चान्हो के रहने वाले हैं। परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है। यह भी जानकारी मिली है कि दो छात्र एक ही घर के हैं, जबकि एक उनका पड़ोसी है। डूबे युवकों में दो सगे भाई थे। आशीष कुमार व अंकुर कुमार पिता पद्मलोचन दास रांची हेहल के रहने वाले थे। जबकि तीसरा युवक दीपक गिरी पिता अशोक गिरी चान्हो करकट गांव का निवासी था। सभी की उम्र 20-25 के लगभग है।

**जाते-जाते बाइडेन कर दिए...**

होगी, लेकिन कुछ मामलों में इसमें छूट भी दी जा सकती है और अगर उनकी योग्यता नौकरी से संबंधित है तो बिना विशेषज्ञ डिग्री भी उन्हें प्राथमिकता दी जा सकती है। यूएससीआईएस ने एच-1बी वीजा के बैकलॉग को खत्म करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रावधान किया है ताकि योग्य पेशेवरों को एच-1बी वीजा के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े। बदलावों को नियोक्ता के लिए अधिक लचीला बनाया गया है और वे अपनी जरूरतों के हिसाब से विशिष्ट पेशेवरों की नियुक्ति कर सकेंगे। साथ ही कंपनी में हिस्सेदारी रखने वाले बिजनेसमैन भी अब एच-1बी वीजा के लिए स्वयं याचिका दायर कर सकेंगे। नए नियमों के तहत एच-1बी वीजा धारकों का अचानक निरीक्षण भी हो सकेगा और अगर निरीक्षण में कुछ खामियां पाई गईं तो वीजा रद्द भी किया जा सकेगा। साथ ही अब एच-1बी वीजा के साथ एक नया अपडेट फॉर्म आई-129 भी भरना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य प्रक्रिया को आसान बनाना है। एच-1बी वीजा धारक अब बिना अपने देश लौटे अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे। इससे भारतीय पेशेवरों को बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

## चंद्र आर्य ने पीएम पद के लिए दाखिल किया नामांकन

**नई दिल्ली ।** कनाडा के नेपियन से भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उन्होंने न सिर्फ



नामांकन दाखिल किया बल्कि सदन को कन्नड़ में संबोधित भी किया। कर्नाटक के तुमकुर जिले के मूल निवासी आर्य ने कनाडा जाने से पहले धारवाड़ से एमबीए किया था। इस सप्ताह की शुरूआत में उन्होंने ऐलान किया था कि वे कनाडा के प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पद छोड़ने की घोषणा की, लेकिन नए नेता के चुने जाने तक पद पर बने रहने की बात कही थी। आर्य ने 13 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमारा देश संरचनात्मक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनके लिए कठोर समाधान की जरुरत है। हमें अपने बच्चों और नाती-नातिनों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए साहसिक राजनीतिक फैसले लेने होंगे। आर्य खालिस्तान समर्थकों की आलोचना करते रहे हैं। वहीं कनाडा में हिंदू मंदिरों निशाना बनाने की गतिविधियों की भी उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्हें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत के सच्चे समर्थक के रूप में बताते रहे हैं। आर्य घोषणा कर चुके हैं कि वह लिबरल नेतृत्व का चुनाव लड़ेंगे और उनका अभियान देश को 'एक संप्रभु गणराज्य' बनाने का होगा, जिसमें साहसिक राजनीतिक फैसले लिए जाएंगे।

## 'संचार साथी' ऐप पहरेदार की तरह सभी को रखेगा सुरक्षित

नई दिल्ली । दूरसंचार विभाग ने फर्जी कॉल और मैसेज को रिपोर्ट करने के लिए 'संचार



साथी मोबाइल ऐप' लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय संचार और नॉर्थ-ईस्ट विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 'संचार साथी मोबाइल ऐप' को लॉन्च किया। 'संचार साथी' मोबाइल ऐप लॉन्च पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, संचार साथी को एक ऐप के रूप में हर एक उपभोक्ता के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। इस पोर्टल की सफलता विश्वव्यापी रही है। जहां 9 करोड़ लोगों ने पोर्टल पर विजिट किया है। करीब पौने तीन करोड़ फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है, ये वे फोन थे जो गलत तरीके से रजिस्टर्ड हुए थे या फ्रॉड में भागीदार रहे थे। 11 लाख म्यूल के अकाउंट हमने फ्रीज किए हैं और 12.50 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी डिस्कनेक्ट किए गए हैं। सिंधिया ने आगे कहा, जो 25 लाख फोन चोरी किए गए थे और जिन्हें डिस्कनेक्ट किया गया था, उनमें से 15 लाख फोन को ट्रेस भी कर लिया गया है। टेक्नोलॉजी सुविधा तो देती है, लेकिन जैसे ही कोई आविष्कार होता है, कभी-कभी इसका गलत इस्तेमाल करने की कोशिश होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, संचार साथी ऐप एक पहरेदार की तरह सभी को सुरक्षित रखेगा।

### सैफ अली हेल्थ अपडेटः डॉक्टर्स बोले

## हालत में लगतार हो रहा सुधार, उन्हें आराम की जरूरत



**मुंबई ।** मुंबई स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती अभिनेता सैफ अली खान की हालत में अब सुधार है। सैफ का इलाज करने वाले डॉक्टर्स ने आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेस में हेल्थ अपडेट दी और बताया कि सैफ की हालत स्थिर है और उन्हें आराम की जरूरत है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभिनेता की सर्जरी करने वाले लीलावती के चीफ सर्जन डॉक्टर नितिन डांगे, ट्रस्टी प्रशांत मेहता, लीलावती अस्पताल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ नीरज समेत पूरी टीम मौजूद रही। डॉक्टर नितिन डांगे ने बताया, सैफ की हालत में सुधार है और उनकी तबियत ठीक है। वो काफी अच्छे से काम कर रहे हैं। उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं, ये बताने के साथ हमने उन्हें आईसीयू से स्पेशल रूम में शिफ्ट किया है। उनके स्पाइन में इंजरी है, जो रिकवर हो रही है। हालांकि, इसमें इंफेक्शन होने की चांसेज रहती है, जिस वजह से उनसे मिलने आने वालों को रोका गया है। ताकि इंफेक्शन का खतरा ना रहे। डॉक्टर ने आगे बताया, जल्द पूरी तरह से ठीक होने के लिए सैफ को आराम की जरूरत है। हमने उन्हें आराम की सलाह दी है। आज सैफ चले भी और इस दौरान उन्हें कोई तकलीफ नहीं हुई और ना ही ज्यादा दर्द हुआ। वह ठीक हैं।

### भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो : पीएम मोदी ने दिया 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन

# इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

**2024 में 16,80,000 से ज्यादा ईवी बिके हैं यानी दस साल पहले जितने इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरे साल में बिकते थे और उससे भी दोगुने ईवी एक दिन में बिक रहे हैं**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन दिया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशंस ऐसे हों, जो कॉमन हों, कनेक्टेड हों, कन्वीनिएंट हों, कंजेशन फ्री हों, चार्ज्ड हों, क्लीन हों और कटिंग एज हों। ग्रीन मोबिलिटी पर हमारा फोकस इसी विजन का हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसे मोबिलिटी सिस्टम के निर्माण में जुटे हैं, जो इकोनॉमी और इकोलॉजी दोनों को सपोर्ट करे। एक ऐसा सिस्टम हो जो फॉसिल फ्यूल के हमारे इंपोर्ट बिल को कम करे। आज ग्रीन टेक्नोलॉजी, ईवी, हाइड्रोजन फ्यूल, बायो फ्यूल टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट पर हमारा काफी फोकस है। 'नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन' और 'ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' जैसे अभियान इसी विजन के साथ शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर भारत में बहुत तेज ग्रोथ देखी जा रही है। बीते दशक में भारत में ईवी की बिक्री में 640 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां एक साल में सिर्फ 2,600 के आस-पास ईवी बिके थे, वर्ष 2024 में 16,80,000 से ज्यादा ईवी बिके हैं यानी दस साल पहले जितने इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरे साल में बिकते थे और उससे भी दोगुने ईवी एक दिन में बिक रहे हैं।

अनुमान है कि इस दशक के अंत तक भारत में ईवी की संख्या आठ गुना तक बढ़ सकती है। ये दिखाता है कि इस सेगमेंट में आपके लिए कितनी ज्यादा संभावनाएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे बताया कि भारत आज दुनिया की पांचवी बड़ी इकोनॉमी है। पैसेंजर व्हीकल मार्केट के रूप में देखें तो हम दुनिया में नंबर तीन पर हैं। आप कल्पना कीजिए कि जब भारत दुनिया की टॉप थ्री इकोनॉमी में शामिल होगा, तब हमारा ऑटो मार्केट कहां होगा। 'विकसित भारत' की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन के कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को ड्राइव करने वाले कई फैक्टर्स हैं, जैसे भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी, मिडिल क्लास का लगातार बढ़ता दायरा, तेजी से होता शहरीकरण, भारत में बन रहा आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, 'मेक इन इंडिया' से एफॉर्डेबल व्हीकल, ये सारे फैक्टर्स भारत में ऑटो सेक्टर के ग्रोथ को पुश करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत में ऑटो इंडस्ट्री की विकास की संभावनाओं में 'मेक इन इंडिया' की मजबूती का भी बड़ा रोल है। 'मेक इन इंडिया' अभियान को पीएलआई स्कीम से गति मिली है। इस स्कीम ने सवा दो लाख करोड़ से अधिक की सेल में मदद की है। इस स्कीम से ही इस सेक्टर में डेढ़ लाख से ज्यादा डायरेक्ट जॉब क्रिएट हुए हैं। आप अपने सेक्टर में तो जॉब क्रिएट करते ही हैं, इसका दूसरे सेक्टर्स में भी मल्टीप्लायर इफेक्ट होता है।

बड़ी संख्या में ऑटो पार्ट्स हमारे एमएसएमई सेक्टर बनाते हैं, जो ऑटो सेक्टर को बढ़ाते हैं, तो एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, टूर और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भी नई जॉब अपने आप बढ़ने लग जाती है। भारत सरकार ऑटो सेक्टर को हर लेवल पर सपोर्ट दे रही है। बीते एक दशक में, इस इंडस्ट्री में, एफडीआई, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ग्लोबल पार्टनरशिप के नए रास्ते बनाए गए हैं। पिछले चार सालों में इस सेक्टर में 36 बिलियन डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आया है। आने वाले सालों में ये कई गुना और बढ़ने वाला है। हमारा प्रयास है कि भारत में ऑटो मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा पूरा इकोसिस्टम डेवलप हो।

## सैफ अली खान पर हमला करने वाला हमलावर गिरफ्तार

### नाम है शाहिद, सेंधमारी के 4-5 मामले दर्ज

- इब्राहिम अपने पिता के घर आने और पूरी तरह से ठीक होने तक उनके साथ रहना चाहते हैं

**मुंबई (आईएएनएस)**




मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर हमला करने वाले कथित हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। संदिग्ध का नाम शाहिद है और मुंबई पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। मुंबई के ताड़देव पुलिस स्टेशन की टीम ने उसे फॉकलैंड रोड, गिरगांव से हिरासत में लिया है। शाहिद के खिलाफ घर में सेंधमारी के चार से पांच मामले दर्ज हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या वह वही शख्स है जिसने सैफ अली खान पर हमला किया था। वहीं सैफ अली खान को उनके बांद्रा स्थित घर में चाकू मारने वाले संदिग्ध का नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में संदिग्ध व्यक्ति को चेहरा ढके हुए रात करीब 1:30 बजे इमारत के फायर एग्जिट से घुसते हुए देखा जा सकता है। पुलिस द्वारा जारी की गई सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति को टी-शर्ट और जींस पहने हुए देखा जा सकता है, जिसके हाथ में एक बैग है और उसके कंधे पर नारंगी रंग का दुपट्टा है। वीडियो में उसे सीढ़ियों से चढ़ते हुए दिखाया गया है। इस दौरान वह आस-पास के कमरों की तरफ देख रहा है। वहीं करीना कपूर खान को लीलावती अस्पताल के बाहर देखा गया, जहां उनके पति सैफ अली खान का इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया है कि इब्राहिम अली खान ने अपने पिता पर हुए हमले के बीच अपनी फिल्म दिलेर की शूटिंग स्थगित कर दी है। सूत्रों की मानें तो इब्राहिम अपने पिता के घर आने और पूरी तरह से ठीक होने तक उनके साथ रहना चाहते हैं। सैफ का इलाज करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि अब वे खतरे से बाहर हैं। सैफ को आइसीयू वार्ड से स्पेशल रूम में शिफ्ट कर दिया गया है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सैफ अली खान के शरीर से निकाला गया चाकू अगर 2 मिमी और अंदर तक घुस जाता तो अभिनेता की रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंच सकता था।

### नौसेना ने तस्वीरों और पेंटिंग्स प्रदर्शनी में दिखाई 'सिविलियन वर्ष' की झलक

## पर्दे के पीछे रहकर हमारी सशस्त्र सेनाओं को मजबूत करते हैं सिविलियन : राजनाथ

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को डीआरडीओ भवन के डॉ. डीएस कोठारी ऑडिटोरियम में ह्यनौसेना नागरिकों का वर्षह्ल कार्यक्रम मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए और समारोह में 'नौसेना नागरिकों' की उल्लेखनीय उपलब्धियों और योगदानों को प्रदर्शित किया गया। नौसेना नागरिकों के कार्य, जीवन और कहानियों को उजागर करने वाली तस्वीरों और पेंटिंग्स की एक प्रदर्शनी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं और उपलब्धियों की झलक पेश की गई। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि 2024 को 'नौसेना सिविलियन वर्ष' के रूप से मनाना एक अनोखी पहल थी, जिसके लिए भारतीय नौसेना की भूमिका सराहनीय है। नौसेना के कई महत्वपूर्ण संगठन, जैसे कमांड मुख्यालय, डॉकयार्ड, सामग्री संगठन, नौसेना आयुध डिपो, प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आदि में हमारे नागरिक ही हैं, जो नौसेना के स्थिर बुनियादी ढांचे की नींव रखते हैं। हमें समुद्र में जहाज दिखते हैं, विमान वाहक जहाज दिखते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें समुद्र में जहाज दिखते हैं, विमान वाहक जहाज दिखते हैं। ये सारी चीजें सामने दिख जाती हैं, लेकिन जो हम नहीं देखते, वो हैं हमारे अनगिनत इंजीनियरों और श्रमिकों की मेहनत। ये लोग हमेशा पर्दे के पीछे रहकर काम करके हमारी सशस्त्र सेनाओं को हमेशा ताकत प्रदान करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना आज अगर इनोवेशन के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रही है, तो उसके लिए अनुसंधान और विकास कार्य में सिविलियन की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप चाहे वर्दी में हों या वर्दी के बिना हों, इसमें कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। इसलिए राष्ट्र सेवा के व्यापक परिप्रेक्ष्य में हर जिम्मेदार नागरिक बिना वर्दी वाला सैनिक होता है। समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसा दुनिया भर में रक्षा-सुरक्षा का माहौल लगातार तनावपूर्ण होने की वजह से हो रहा है।अगर हम इस पूरे दशक का रक्षा एवं सुरक्षा परिप्रेक्ष्य से आकलन करें, तो लगभग आधा दशक बीत जाने के बाद हम ये कह सकते हैं कि यह एक प्रकार से अस्थिर दशक रहा है।

## पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार दुर्घटनाग्रस्त

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा शुक्रवार दोपहर 01:45 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुआ। काफिले के सामने यकायक नीलगाय आ गई, जिसके बाद एस्कॉर्ट कर रही दिल्ली पुलिस की कार उससे टकरा गई। टक्कर के कारण कार के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए। इस दुर्घटना में फारूक अब्दुल्ला सुरक्षित हैं। वे अजमेर दरगाह जियारत करने जा रहे थे। दौसा के डिप्टी एसपी रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि काफिले में कुल पांच कारें थीं। पूर्व मुख्यमंत्री की कार के पीछे चल रही दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट कार नीलगाय से टकराई, जिससे कार का बोनट डैमेज हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। हादसा होने के बाद काफिला करीब एक घंटे के भीतर अजमेर के लिए रवाना हो गया।

## हिंदू शब्द कैसे बना? बता रहे ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**"हिङ्कृण्वती दुहाम्"**

**'हिं हिं'शब्द करती हुई गाय का दोहन करने वाली हिंद जाति का निर्वचन पूर्वक हिं-दु शब्द बना है**

**संवाददाता**

**प्रयागराज।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदू शब्द प्राचीन है। वेदों में भी इसके प्रमाण हैं और वर्णन भी मिलता है। हिंदू शब्द को लेकर जो भ्रामक प्रचार किया जा रहा है वह गलत है। हिंदू शब्द के लिए होने वाले इस दुष्प्रचार का निवारण महाकुंभ में ही होगा। हिंदू शब्द का वेदों के साथ ही स्मृतियों, पुराणों और तंत्र साहित्य में भी उल्लेख मिलता है। परमधर्मसंसद 1008 सभी सनातन वैदिक हिंदू आर्य परमधर्म के मानने वालों के लिए यह परमधर्मादेश जारी करती है कि हिंदू शब्द वैदिक है और वेदों से ही उत्पन्न हुआ है। एक मात्र हिंदू संस्कृति में ही यज्ञ, यागादि, सर्वविध इष्टापूर्त सम्बन्धी अनुष्ठानों में, श्राद्धादि पितृकार्य में, आयुर्वेदिक उपचारों में गाय का दूध ही ग्राह्य माना जाता है। अन्य लोग तो केवल दूध मात्र के इच्छुक हैं फिर चाहे वह पशु को डरा-धमका कर अथवा मशीनों के द्वारा ही जबरदस्ती क्यों न निकाला गया हो।

''हिङ्कण्वती दुहाम्'' शब्दोंमें वत्सदर्शनसंजातहर्षा-अतएव प्रसन्नता सूचक ''हिं हिं''शब्द करती हुई गाय का दोहन करने वाली हिंद जाति का निर्वचन पूर्वक हिं-दु शब्द बना है।

हिंकार करती गाय को दुहने वाली जाति हिंदू है। शंकराचार्य ने कहा कि अथर्व वेद और स्मृति के अनुसार हिंसा से जो दुखी होता है। सदाचार के लिए जो तत्पर है ऐसे गाय, वेद और प्रतिमा की सेवा करने वाले वर्णाश्रमधर्मी हिंदू हैं। इसलिए हिंदू वह है जो हिंसा से दूर रहे,सदाचार में तत्पर हो,गो सेवक, वेदनिष्ठ,मूर्तिपूजा में श्रद्धान्वित और वर्णाश्रम पालक हो। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन वैदिक हिंदू धर्म की आचार संहिता में आचार्य स्नातक को माता-पिता, आचार्य और अतिथि को देव मानकर उनकी सेवा करने का विधान है। वृद्ध स्मृति तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में इसका वर्णन मिलता है। यज्ञ, श्राद्ध, वेद अध्ययन हिंदुओं की आचार संहिता का मूल है। हिंदुओं को इसी अनुसार वेद, स्मृति और सदाचार के अनुसार आचरण करना चाहिए परम धर्म संसद में शंकराचार्य ने कहा कि हर हिंदू को सामान्य धर्मों का पालन करने के साथ-साथ अपना नाम, पिता, दादा का नाम, गोत्र, प्रवर, वेद, शाखा, शिखा, सूत्र, कुलदेवी, देवता की जानकारी होना जरूरी है। इसके साथ ही कंठी या जनेऊ संस्कार, तिलक, चोटी धारण करना और हिंदू तिथि से मनाए जाने वाले पर्व मनाना अनिवार्य है।

## नई दिल्ली में सम्मानित हुए 25 नौसेना नागरिक

### ईयर ऑफ नेवल सिविलियन कार्यक्रम में शामिल हुए राजनाथ सिंह और संजय सेठ

- नौसेना के नागरिक के कार्यों की हुई प्रशंसा
- भारत के सपनों को सामूहिक रूप से पूर्ण करने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/नई दिल्ली।** ईयर ऑफ नेवल सिविलियन के तहत नेवल सिविलियन के योगदान को लेकर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन और उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत फोटो और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई, जिसमें नौसेना के नागरिकों की कलात्मक प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कलाकृतियों में कार्यस्थल पर जीवन के दृश्य और नौसेना के परिचालन समर्थन में नागरिकों के विभिन्न योगदानों को दर्शाया गया। प्रदर्शनी में न केवल नौसेना के नागरिकों द्वारा निभाई गई तकनीकी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया, बल्कि उनकी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी दिखाया गया, जो नौसेना के मिशन में उनके योगदान को दशार्ती हैं। श्रम पुरस्कार प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने अपनी-अपनी भूमिकाओं में असाधारण समर्पण और उत्कृष्ट योगदान दिखाया है। अनुकरणीय सेवा और योगदान के सम्मान में राजनाथ सिंह ने 9 सराहनीय पुरस्कार और 16 नकद पुरस्कार नौसेना के उन नागरिकों को प्रदान किए, जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट समर्पण और व्यावसायिकता का प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्री ने पुरस्कार विजेताओं की उनकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और अपने-अपने कर्तव्यों से परे योगदान के लिए सराहना की। इस अवसर पर सीडीएस अनिल चौहान भी उपस्थित रहे। नौसेना के नागरिकों के महत्वपूर्ण योगदान पर परिचर्चा हुई। सबने पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम सबने पूर्ण कौशल और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## पुणे-नासिक हाईवे पर मिनी वैन खड़ी बस से टकराई, 9 की मौत

**पुणे।** पुणे-नासिक हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी वैन सड़क के किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे पुणे-नासिक हाईवे पर नारायणगांव के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वैन का रास्ता बदल गया और वह बस से जा टकराई। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में मिनी वैन में सवार सभी नौ यात्रियों की मौत हो गई है।

## युद्ध विराम समझौते के बाद भी इजरायली हमले जारी

### गाजा में 86 फिलिस्तीनियों की मौत


**गाजा (आईएएनएस)**

इजरायल-हमास युद्ध विराम समझौते की बुधवार को घोषणा के बाद भी गाजा में इजरायली हमले जारी हैं। फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस के मुताबिक हमलों में 23 बच्चों समेत 86 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। सिविल डिफेंस ने एक प्रेस बयान में कहा कि कुल मौतों में से 73 उत्तर गाजा, चार मध्य गाजा और नौ दक्षिण गाजा में मौत दर्ज की गईं। बयान के अनुसार मृतकों में 23 बच्चे और 27 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 258 से अधिक अन्य लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में उसकी वायु सेना ने गाजा में लगभग 50 साइट्स को निशाना बनाया। प्रेस बयान में कहा गया कि हमलों का टारगेट - हमास और इस्लामिक जिहाद के सदस्य, सैन्य भवन, हथियार स्टोरेज सुविधाएं, रॉकेट लॉन्चिंग साइट, हथियार प्रोडक्शन साइट और निगरानी चौकियां थीं। इजरायली सेना ने हमास पर अपनी गतिविधियों के लिए नागरिक संस्थाओं और आबादी का क्रूरतापूर्वक शोषण करके अंतरराष्ट्रीय कानून का व्यवस्थित रूप से उल्लंघन करने' का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह ऐसे संगठनों के खिलाफ निर्णायक रूप से कार्रवाई करना जारी रखेगा। इससे पहले इजरायल की सेना ने कहा था कि उसने हमास के साथ युद्ध विराम समझौते पर सहमत होने के एक दिन बाद गुरुवार को गाजा पट्टी में लगभग 50 जगहों पर हमला किया।

# बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का हुआ उद्घाटन

- विदेश मंत्री बोले- कर्नाटक के लोगों की पुरानी मांग पूरी

**बेंगलुरू (आईएएनएस)**






अमेरिका ने शुक्रवार को बेंगलुरू में अपना वाणिज्य दूतावास खोला। इसे भारत-अमेरिकी राजनयिक संबंधों में अहम पढ़ाव माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसको मील का पत्थर बताया। उद्घाटन समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन एक मील का पत्थर है, जो बेंगलुरु और कर्नाटक के लोगों की पुरानी मांग को पूरा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इस मांग को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए हैं। यह वाणिज्य दूतावास कर्नाटक के लोगों को वैश्विक आकांक्षाओं से जुड़ने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हुई है। बाद में उन्होंने 'एक्स' पर भी पोस्ट करते हुए कहा, बेंगलुरू में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर प्रसन्नता हुई। एरिक गासेर्टी (भारत में अमेरिकी राजदूत) और उनकी टीम को बधाई। यह साझेदारी लोगों के बीच मजबूत संबंधों से प्रेरित है जो प्रौद्योगिकी, नवाचार, अंतरिक्ष, रक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यक्त होते हैं। आज बेंगलुरू में नए अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन इस सहयोग को मजबूत करने, विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका तय करेगा।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को धन्यवाद देता हूं। जयशंकर के पिता बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष रह चुके हैं। आज वो यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारे आईटी और बीटी उद्योग मंत्री ने भी इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिवकुमार ने कहा, भारत को बेंगलुरु के माध्यम से देखा जाता है। यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और पवित्र दिन है। हम लंबे समय से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बेंगलुरु में लाने का प्रयास कर रहे थे। कर्नाटक में दिवंगत एस.एम. कृष्णा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन के बाद अमेरिकी वाणिज्य दूतावास लाने के प्रयास शुरू किए गए थे।

## लॉस एंजिल्स के जंगल में आग लगने से अब तक 27 की मौत



**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)**

अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लगी भीषण आग में एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गईं। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, लॉस एंजिल्स में दो बड़ी जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल ने गुरुवार को भी काम जारी रखा, क्योंकि क्षेत्र में हवाएं धीमी पड़ गई है। पालिसैड्स फायर लॉस एंजिल्स क्षेत्र में सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग में से एक है, जिसने अब तक 23,713 एकड़ (95.96 वर्ग किमी) को चपेट में लिया है। 7 जनवरी को लगी आग पर 22 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।